सूविचार

यह जो मां की मोहब्बत
होती हैं ना,
यह सब मोहब्बतों की
"मां" होती हैं।

# हरियाणा वाटिका

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

www.haryanavatika.in | @haryanavatika | @haryanavatika | सोच बिल्कुल निष्पक्ष | @haryanavatika | haryanavatika@gmail.com

वर्ष: 06- अंक: 240 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1 रूपया | लोहारू से प्रकाशित | शुक्रवार, 04 जुलाई 2025 | मो. 9255149495 | RNI No-HARHIN/2019/79021

## हरियाणा में पुलिस-बदमाशों की मुठभेड़, पुलिस बोली-लोग घरों में रहें

**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर में गुरुवार शाम को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी। बदमाश BJP का झंडा लगी उत्तराखंड नंबर (च07-₹ 8715) की इंडेवर गाड़ी में सवार थे। पुलिस की नाकाबंदी देख उन्होंने गाड़ी भगा ली। इसके बाद पुलिस बदमाशों का पीछा करने लगी।

पुलिस के पीछे लगे देख बदमाश गन्ने के खेत में छिप गए। गन्नों के खेतों में पानी भरा है। पुलिस के कर्मचारी भी पेंट और जूते उतार कर हाथों में पिस्टल और,च47 लिए खेतों में उतर गए। इस दौरान दोनों तरफ से फायरिंग हुई। जिसके बाद पुलिस ने इंडेवर गाड़ी को जब्त कर लिया। उसमें से पुलिस को हथियार भी मिले हैं। वहीं पुलिस सोर्सेज के मुताबिक 4 बदमाश पकड़ लिए गए हैं। 3 फरार हैं।

मुठभेड़ के बाद DSP राजेश वहां पहुंचे। फरार बदमाशों को लेकर पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को अलर्ट रहने के लिए बोला है। उन्हें रात में बेवजह बाहर न घूमने को कहा गया है। यमुनानगर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग गाड़ी में घूम रहे हैं। इसलिए पुलिस में यमुनानगर में हरनोल गांव के आसपास नाकाबंदी की थी।

# प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को साकार करने की राह दिखाएगा स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन: नायब सिंह सैनी

### हरियाणा ने विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का रखा लक्ष्य

**मानेसर में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**

हरियाणा वाटिका/नितिन वालिया



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा को मिली है। इस सम्मेलन में हम सब अपने लोकतंत्र को मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर विचार मंथन कर रहे हैं। यह विषय हमारे लोकतंत्र की जड़ों को सींचने और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत- 2047 के विजन को साकार करने की राह दिखाता है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला और नर्सरी हैं। लोकतंत्र की जड़ें स्थानीय स्तर पर जितनी गहरी होंगी, हमारा राष्ट्र उतना सशक्त बनेगा। अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है तो आमजन को लगता है कि उसने अपने स्थानीय निकाय की बागडोर सही हाथों में सौंपी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित हरियाणा, विकसित नगरों से ही बनेगा। इसलिए, हमने हरियाणा में विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा है।


### 5 अत्याधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर हो रहा काम: मुख्यमंत्री

नायब सिंह सैनी ने कहा कि साइबर सिटी गुरुग्राम शहरी विकास का एक मॉडल है। इसके साथ लगते 180 किलोमीटर लंबे के.एम.पी. कॉरिडोर के साथ पंच ग्राम योजना के तहत ऐसे ही 5 अति आधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर काम कर रहे हैं। यह योजना वर्ष 2050 तक 75 लाख जनसंख्या के लिए बनाई गई है।

### पीपीपी से योजनाओं का मिल रहा आमजन को लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरुत योजना के तहत शहरों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। हरियाणा में सभी परिवारों का पहचान पत्र बनाया गया है और इससे सभी सरकारी योजनाओं को जोड़ दिया है। अब इन योजनाओं का लाभ नागरिकों को घर द्वार पर ही मिल रहा है।

## खुशखबरी! जब्त नहीं होगी आपकी पुरानी गाड़ी, पुराने वाहनों पर बैन को लेकर दिल्ली सरकार का यू-टर्न



हरियाणा वाटिका


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बढ़ती जन चिंता के बीच, दिल्ली सरकार ने एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ईओएल) जब्त करने की नीति को लागू होने के दो दिन बाद ही स्थगित कर दिया है। यह कदम राष्ट्रीय राजधानी में %एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ईओएल) के लिए ईंधन प्रतिबंध पर निवासियों की व्यापक प्रतिक्रिया और विपक्षी नेताओं की आलोचना के बाद उठाया गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखकर शहर में ईओएल वाहनों को ईंधन न देने के निर्देश को स्थगित करने को कहा है।

सिरसा ने लोगों में असंतोष को स्वीकार किया और कहा कि सरकार उनके साथ खड़ी है। इसके बाद उन्होंने घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी में पुराने वाहनों को जब्त नहीं किया जाएगा। सिरसा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने निवासियों को आश्वासन दिया है कि पुराने वाहनों को मनमाने ढंग से ज़ब्त नहीं किया जाएगा। हम पुराने वाहनों को ज़ब्त नहीं होने देंगे। साथ ही, हम दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के निवासी पहले से ही एंड-ऑफ़-लाइफ़ वाहनों से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। सरकार ने ष्टक्तरू (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि नीति को लागू करने के लिए उसके पास आवश्यक बुनियादी ढाँचे का अभाव है।

## मराठी तो बोलनी पड़ेगी, अगर आप नहीं जानते तो..., यह क्या बोल गए महाराष्ट्र के मंत्री

हरियाणा वाटिका

**मुंबई (एजेंसी)।** मंत्री ने कहा कि अगर महाराष्ट्र में कोई मराठी का अपमान करता है, तो हम अपने कानून लागू करेंगे। कदम ने हालांकि घटना के तरीके की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने दुकानदार की पिटाई की, उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए था। उन्हें शिकायत दर्ज करानी चाहिए थी।महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने बुधवार को कहा कि राज्य में मराठी बोलना अनिवार्य है और चेतावनी दी कि भाषा के प्रति किसी भी तरह का अनादर कानूनी परिणामों को आमंत्रित करेगा। योगेश कदम का यह बयान उस वायरल वीडियो के बाद आया है जिसमें ठाणे में एक फूड स्टॉल मालिक को मराठी में बात करने से मना करने पर पीटा जा रहा है। योगेश कदम ने संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र में आपको मराठी बोलनी ही होगी। अगर आपको मराठी नहीं आती तो आपका रवैया यह नहीं होना चाहिए कि आप मराठी नहीं बोलेंगे।



# भाजपा ने बिजली के रेट बढ़ाकर आमजन को दिया झटका : अरोड़ा

हरियाणा वाटिका/एकजोत



**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने बिजली के बढ़े रेट और बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले सरसों के तेल के दामों में बढ़ोतरी पर भाजपा सरकार को घेरा। अरोड़ा ने आरोप लगाया कि पहले भाजपा ने गरीबों को बहकाकर उनके वोट हथियाने का काम किया, अब बिजली के रेट बढ़ाकर बड़ा झटका दिया है। अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अशोक अरोड़ा ने भाजपा सरकार से सवाल पूछा कि जब सरकार लाइन लोस घटने का दावा कर रही है तो बिजली के रेट घटाने की बजाय बढ़ाए क्यों जा रहे हैं। इससे पहले फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया, अब टैरिफ में बढ़ोतरी की गई है। सरकार बिजली के रेट तीन बार बढ़ा चुकी है। पांच किलोवाट के बिजली के मीटर पर 375 रुपये फिक्स चार्ज लगा दिया है। अरोड़ा ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने 11 साल में कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। यमुनानगर में एक नई यूनिट का प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया है, जोकि 2030 तक बनने की उम्मीद है। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, पवन चौधरी, रामदिया फतेहपुर, युवा नेता अमरजीत अमीन मौजूद रहे। अशोक अरोड़ा ने बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल के रेट में बढ़ोतरी होने पर घेरते हुए कहा कि चुनाव से पहले लोगों के राशन कार्ड बनाए गए, जिसके बाद प्रदेश की कुल आबादी का 75 प्रतिशत को गरीब बना दिया गया था। मगर फिर विधानसभा में सरकार द्वारा लोगों को डराया गया कि जिन्होंने गलत तरीके से बीपीएल राशन कार्ड बनवाए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अब गरीबों को मिलने वाले तेल के रेट 40 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया है। महंगाई के वक्त गरीब परिवारों पर सरकार ने बोझ डालने का काम किया है।

### नप थानेसर में नालों की सफाई के नाम पर करोड़ों का घोटाला : अरोड़ा

अशोक अरोड़ा ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में नालों की सफाई के नाम पर करोड़ों का घोटाला किया गया है। मानसून का सीजन शुरू हो चुका है। उनकी जानकारी के अनुसार नालों की सफाई व रिपेयर के नाम पर लगभग 3 करोड़ रूपए का वर्क आर्डर 18 जून को दिया गया और 30 जून तक काफी काम पूरा कर दिया गया दिखाया गया है। जबकि नाले गंदगी से अंटे पड़े हैं। बरसात ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी है। लोगों की दुकानों और घर में पानी घुस गया था, यह एक बहुत बड़ा घोटाला है। इसकी जांच होनी चाहिए।

## कन्या भ्रूण हत्या करने वालों को बख्शा न जाए: सोनू भट्ट

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

**करनाल, 03 जुलाई।** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है। इस अपराध में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए, दोषी को सजा अवश्य मिले। इसके लिए अधिकारियों को कहा कि पैरवी बेहतरीन तरीके से की जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट)के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में बोल रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि लिंग परीक्षण करवाना और करना दोनों कानूनी तौर पर अपराध हैं, ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखें और सख्त कार्रवाई करें। कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक बुराई है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर रेड बढ़ाएं तथा औचक निरीक्षण कर उनके रिकॉर्ड की जांच करें।

## 70 जरूरतमंद परिवारों को दिया सामान व की आर्थिक सहायता




हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 03 जुलाई।** सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, खाने-पीने का सामान व आर्थिक सहायता करके उनका सहयोग किया। सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा 1 से 31 जुलाई तक पूरे विश्व स्तर पर जहां-जहां उनकी शाखाएं हैं, गरीब परिवारों को जरूरत का सामान व आर्थिक सहयोग देकर उनकी मदद की जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार को सतयुग दर्शन ट्रस्ट की कुरुक्षेत्र शाखा के सदस्यों ने शोरगीर बस्ती, पिपली में भट्ठों पर जाकर जरूरतमंद 70 परिवारों को नए वस्त्र, खाने-पीने का सामान व हर परिवार को 500 रुपए नकद धन राशि देकर उनकी आर्थिक रूप से भी मदद की। 5 जुलाई को महावीर सत्संग सभा अमीन व 6 जुलाई को शीला नगर में सतयुग डिस्पेंसरी पर जरुरतमंद परिवारों को सामान वितरित किया जाएगा।

## गुजवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

**हिसार, 03 जुलाई।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संचालित एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है। इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई है।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि गुजवि विद्यार्थियों को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुसंधान कौशल, समस्या समाधान क्षमता तथा उद्योग-उन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय में संचालित एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग कार्यक्रम में रोजगार के अपार अवसर हैं। विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय आधारभूत ढांचा, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट कक्षाएं, वाई-फाई जोन और उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो विद्यार्थियों को निर्बाध एवं प्रभावी अध्ययन का वातावरण प्रदान करती हैं। विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी देश-विदेश की प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय है, जिसमें डिजिटल जर्नल्स, ई-बुक्स और अनुसंधान डेटाबेस तक पहुंच उपलब्ध है, जो विद्यार्थियों को अध्ययन और व्यक्तिगत विकास के लिए उत्तम वातावरण प्रदान करता है।

विभागाध्यक्ष प्रो. महेश कुमार ने बताया कि मैकेनिकल विभाग में ट्रायोबायोलॉजी, थर्मल इंजीनियरिंग, सीएडी/सीएएम, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग एवं अन्य उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं व उपकरण उपलब्ध हैं। विद्यार्थी उद्योग-प्रायोजित और सरकारी अनुसंधान परियोजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। विभाग के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों से पीएचडी धारक शिक्षक पूरे पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मजबूत मार्गदर्शन और शैक्षणिक सहयोग प्रदान करते हैं। दाखिले से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने महेंद्रगढ़ कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनी

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

**महेंद्रगढ़, 03 जुलाई।** हरियाणा सरकार के निर्देश पर प्रदेश भर में लगाए जा रहे 'समाधान शिविरों' से आम नागरिकों को उनकी शिकायतों का समाधान मिल रहा है। महेंद्रगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के समक्ष पुलिस से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की गई। शिकायतों को सुनकर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान एक दिव्यांग भी अपनी शिकायत लेकर आया हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने उसके पास जाकर शिकायत सुनी और संबंधित को फोन कर तुरंत प्रभाव से नियमानुसार आवश्यक कारवाई करने के निर्देश दिए।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने महेंद्रगढ़ कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुन कर उनका समाधान किया। एसपी ने लोगों की शिकायतें सुनकर समाधान करते हुए समस्याओं से संबंधित अधिकारी को फोन कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान महेंद्रगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से फरियादी अपनी शिकायत लेकर आए हुए थे, जिनकी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने संबंधित को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक-एक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मामले निपटाए। एसपी ने शिकायतें संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित करते हुए इन्हें तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

## जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सुनी जनसमस्याएं

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी



**हिसार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों ने अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं।

शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण करवाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा समाधान शिविरों को आयोजन किया जा रहा है, इसलिए सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का तत्परता से निपटान हो। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निवारण के लिए हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविरों का लाभ उठाते हुए अपनी शिकायतों को जिला प्रशासन के समक्ष रखकर उनका उचित समाधान करवाएं। समाधान शिविर में पहुंचे आर्य नगर निवासी प्रदीप कुमार की उनकी दुकान के सामने हो रहे अतिक्रमण की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव लांधड़ी निवासी अक्षय की गांव में पीने के पानी की समस्या, सैनियान मोहल्ले के निवासियों की बरसाती नाले के निर्माण, आजाद नगर निवासी मंजू द्वारा अवैध पानी कनेक्शन बंद करवाने व पटेल नगर निवासी शिवकुमार की सीवर बंद होने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने पब्लिक हेल्थ विभाग के एसई को मामले की जांच कर विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम पंचायत देवां के ग्रामीणों द्वारा गली में गंदे पानी की निकासी हेतु नाले के निर्माण के लिए कहा, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी को मौका मुआयना कर समस्या के निदान को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार भारत नगर निवासी राजकुमार द्वारा उनकी बेटी का आरटीई के तहत दाखिले की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की गहनता से जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने पर्वतारोही नरेंद्र कुमार को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर चढ़ाई के लिए फ्लैग ऑफ कर दी शुभकामनाएं

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी



**हिसार,।** जिले के नलवा हलके के गांव मिंगनी खेड़ा के युवा पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर चढ़ाई करने का साहसिक निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण यात्रा के लिए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने पर्वतारोही नरेंद्र कुमार को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए प्रस्थान से पहले फ्लैग ऑफ कर शुभकामनाएं दी।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा न केवल नरेंद्र कुमार के लिए बल्कि हरियाणा और देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने पर्वतारोही के साहस और समर्पण की सराहना की और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नरेंद्र कुमार अपने साहस और प्रतिबद्धता के माध्यम से हरियाणा और देश का नाम रोशन करने जा रहे हैं। हम सभी आपके साथ हैं और आपकी सफलता की कामना करते हैं। यह चढ़ाई केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि अपने देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा देने का भी अवसर है। हरियाणा के युवा पर्वतारोही नरेंद्र कुमार की यह यात्रा निश्चित रूप से प्रदेश के युवाओं में साहस और प्रेरणा का संचार करेगी। सभी की शुभकामनाएं उनके साथ है। नरेंद्र कुमार ने अपनी तैयारियों के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्होंने इस चढ़ाई के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण लिया है और उन्हें अपने शहर और राज्य का समर्थन प्राप्त है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने इससे पहले हाल ही में विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा (ऊंचाई 8,091 मीटर) पर तिरंगा झंडा फहरा कर हरियाणा का पहला पर्वतारोही बनने का गौरव हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। इतना ही नहीं नरेंद्र कुमार ने पर्वतारोहण में कई राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय उपलब्धियां भी हासिल की हैं, जिनमें माउंट किलिमंजारो पर 5 दिनों में 2 बार चढ़ाई करके विश्व रिकॉर्ड बनाना, हरियाणा के पहले व्यक्ति जो माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर चढ़ाई करने का कीर्तिमान स्थापित करना और 15 अगस्त 2021 को आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में माउंट युनम पर 151 फीट लंबा और 9 फीट चौड़ा भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराना शामिल है। नरेंद्र अपने कीमती समय में से समय निकालकर बच्चों को माउंटेनियरिंग और एडवेंचर के प्रति प्रेरित करते हैं और बच्चों को माउंटेनियरिंग के साथ-साथ करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार का अगला लक्ष्य विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है।

9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को बीएंडआर ब्रांच की गेट मीटिंग का आयोजन

## सरकार को आम जनता की बजाय केवल पूंजीपतियों के हितों की चिंता: प्रभु सिंह

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी



**हिसार, 03 जुलाई।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ के जत्थों ने विभागों में गेट मीटिंग शुरू कर दी है। इसी के तहत वीरवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की बीएंडआर ब्रांच, हिसार द्वारा गेट मीटिंग की गई। गेट मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव सुनील कुमार ने किया।

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जत्थे के नेता प्रभु सिंह, विनोद प्रभाकर व शमशेर सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार को केवल पूंजीपतियों के हितों की चिंता है। सरकार को आम जनता, कर्मचारी व मजदूरों के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। इसी के चलते केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि हड़ताल के मुख्य मुद्दों में चार लेबर कोड को रद्द करना, सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को नियमित करना व नियमित होने तक समान काम समान वेतन लागू करना, एचकेआरएनएल के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षित करते हुए विभागीय रोल पर रखने व एचकेआरएनएल को भंग करना, न्यूनतम वेतन रिवाइज करवाना, नई शिक्षा नीति व बिजली बिल-2023 को वापस लेना आदी कर्मचारियों की मुख्य मुद्दे हैं। इन मुद्दों को हड़ताल के माध्यम से प्रमुखता से उठाया जाएगा। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा व सचिव सुनील कुमार ने कहा कि ब्रांच के सभी नियमित व कच्चे कर्मचारी 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढकर भाग लेते हुए सफल बनाने का काम करेंगे।

गेट मीटिंग को यूनियन के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान अजय, जिला सचिव दीपक मेहरा, ब्रांच कैशियर रमेश फौजी, चेयरमैन सुरजीत, वरिष्ठ उपप्रधान राजेश, उपकोषाध्यक्ष रणबीर, उपप्रधान सोनिया, संगठन सचिव सुभाष, सहसचिव संदीप लाडवा व क्लेरिकल एसोसिएशन के जिला सचिव रविंद्र चहल आदि ने भी संबोधित किया।

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की बैठक का आयोजन

## 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का किया जाएगा घेराव: सज्जन भारद्वाज

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी



**हिसार।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की बैठक बीएंडआर रेस्ट हाऊस में जिला प्रधान बलवान सिंह कालीरावणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य मुख्य सलाहकार सज्जन कुमार भारद्वाज ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा करते हुए बताया कि 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से मुख्यमंत्री आवास घेराव में बढ़-चढकर भाग लेने का आह्वान किया।

जिला सचिव कमल किशोर ने बताया कि बैठक से पहले यूनियन के जिला व ब्रांच पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के मांग पत्र को लेकर अधीक्षक अभियंता से बातचीत की। बातचीत में अनेक मांगों पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि यूनियन के राज्य प्रधान द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को यूनियन का 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था, जिसमें एचकेआरएन कर्मचारियों को ठेकेदार के आधीन की कार्य अवधि को जोडकर वेतन देने, केंद्र के समान वेतन व भत्ते लागू करने, केंद्र के समान सेवानिवृति आयु लागू करना, तकनीकी पदों पद 2400 रुपए ग्रेड पे देना, ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर 30 लाख रुपए का मुआवजा देने सहित अनेक मांगों को शामिल किया गया। बैठक को जिला सचिव कमल किशोर, मनजीत सिंह, आत्माराम, सुरेंद्र दुहन, ब्रांच प्रधान मांगेराम, रमेश शर्मा, लीलू राम, तुलसीराम, सुभाष, रमेश सरोहा, संदीप, सुनील भुक्कल, मनोज भांभू, सोनू शर्मा, सुरेश पुनिया, राजकुमार पुनिया, सुंदर सिंह, नंदलाल अरोड़ा, रामप्रसाद व नसीब सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

गुजवि के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान में हुआ जाम्भवाणी हवन व सिंधु जल कलश स्थापना अनुष्ठान का आयोजन

## सिंधु नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि ज्ञान, आस्था और संस्कृति की धारा है: प्रो. नरसी राम बिश्नोई

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी



**हिसार, 03 जुलाई।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि सिंधु नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि ज्ञान, आस्था और संस्कृति की धारा है। आज जब विश्व पर्यावरण संकट, जल प्रदूषण और सांस्कृतिक विघटन की समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में सिंधू दर्शन हमें प्रकृति और संस्कृति के बीच सामंजस्य की प्रेरणा देते हैं तथा जल संरक्षण, सतत विकास व सांस्कृतिक चेतना का संदेश देते हैं।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई गुरुवार को गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के सौजन्य से नये शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर हुए जाम्भवाणी हवन व सिंधु जल कलश स्थापना अनुष्ठान के अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में अपना सम्बोधन दे रहे थे। अनुष्ठान की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार ने की। इस अवसर पर गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष डा. किशनाराम बिश्नोई उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान में उनके स्वयं के द्वारा सिंधु नदी से लाए गए पवित्र जल के कलश की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि सिंधु नदी भारत के इतिहास की सबसे पुरानी व पवित्र नदी है। वेदों व पुराणों में इसका उल्लेख मिलता है। सिंधु नदी के इतिहास के बिना भारत के इतिहास की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी नदी के किनारे हमारी वैदिक संस्कृति पनपी है। तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई है। लगभग 3000 किलोमीटर लम्बी इस नदी के परिदृश्य को लद्दाख में देखने से दिव्य अनुभव की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि नई ऊर्जा और उत्साह के साथ हम नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ कर रहे हैं। नई योजनाओं और नए कोर्सों के साथ विश्वविद्यालय में इस वर्ष लगभग 10000 विद्यार्थी होंगे। यह हमारे लिए एक नया अनुभव और जिम्मेदारी होगी। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के सिद्धांतों पर चलते हुए हम निरंतर नए आयामों को छू रहे हैं। कुलसचिव डा. विजय कुमार ने भी नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर जाम्भवाणी हवन व सिंधु जल कलश स्थापना अनुष्ठान पर विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी व इनके परिजनों को भी सिंधु नदी के पवित्र जल के लघु कलश दिए गए। जाम्भवाणी व हवन यज्ञ का संचालन नेकी राम बिश्नोई ने किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के ध्वज का रोहण भी किया। इस अवसर पर पौधारोपण अभियान भी चलाया गया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डा. विजय कुमार ने पौधे रोपित कर पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया।

## गुरु गोरखनाथ धाम में विशाल भंडारा 20 जुलाई को

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

**इस्माईलाबाद, 03 जुलाई।** गुरु गोरखनाथ धाम के महंत तेजनाथ ने कहा कि 20 जुलाई को गुरु गोरख नाथ धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारी संख्या में साधु समाज हिस्सा लेगे। भंडारे में मुख्य रूप से अलवर से विधायक व अस्थल बोहर मठ के महंत बाबा बालक नाथ बिशेष रूप से शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि भंडारे की तारीख का फैसला पिहोवा में डेरा बाबा पूर्णनाथ गद्दी पर विराजमान महंत पीर शेरनाथ की अध्यक्षता में लिया गया है। इस मौके पर पीर लहरनाथ रायसन, पीर खुशीनाथ कोहड़ा तथा ठोल के डेरा के महंत प्रेमनाथ भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 19 जुलाई को जमात पहुंच जाएगी तथा 20 जुलाई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु व भगतजन मौजूद रहेंगे। इसके लिए गुरु गोरखनाथ धाम में श्रद्धालुओं के सहयोग से तैयारियों जोरों से चल रही है। इस समागम की तैयारी की जिम्मेदारी सभी श्रद्धालुओं पर होगी। साधु समाज का पूरा मान सम्मान किया जाएगा।

## विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान पर्यावरण से जुड़ी रोचक जानकारियां कीं प्राप्त



हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 03 जुलाई।** किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आज एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों को देवी लाल पार्क ले जाया गया, जहाँ उन्होंने हरियाली के बीच प्रकृति को करीब से महसूस किया और पर्यावरण से जुड़ी रोचक जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को वृक्षों के महत्व, वनस्पतियों की विभिन्न प्रजातियों जैसे जड़ी-बूटियाँ, झाड़ियाँ और वृक्ष की पहचान करवाई। छात्रों ने इन पौधों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सीखा कि किस प्रकार ये सभी हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसके साथ ही छात्रों को बताया गया कि वन महोत्सव हर वर्ष जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना, लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना और हरियाली को प्रोत्साहित करना है। बच्चों ने सीखा कि एक छोटा पौधा भी भविष्य में बड़ा वृक्ष बनकर कई जीवों का सहारा बन सकता है। भ्रमण के दौरान बच्चों के चेहरे पर उत्साह और जिज्ञासा स्पष्ट रूप से नजर आ रही थी। उन्होंने पार्क की सुंदरता का आनंद लिया, शिक्षकों से सवाल पूछे और वृक्षों की छांव में बैठकर पर्यावरण की उपयोगिता को समझा। कुछ बच्चों ने कहा कि वे अब अपने घरों में भी पौधे लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के लिए शिक्षाप्रद, रोचक और प्रकृति से जोड़ने वाला अनुभव बताया। इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करती हैं, जो एक हरित और स्वच्छ भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, पीजीआई रेफर

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

**इस्माईलाबाद, 03 जुलाई।** बोलेरो कार की चपेट में आने से साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल भाई की शिकायत पर बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। तिलक राज ने वासी संतनगर कॉलोनी इस्माईलाबाद ने थाना में दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बाइक पर ठोल जा रहा था। उसके आगे उसका बड़ा भाई धर्मवीर भी साइकिल पर सवार होकर जा रहा था। जब वह हाईवे पर पंजाबी ढाबा के समीप पहुंचा तो पीछे से एक बोलेरो चालक ने उसके भाई की साइकिल को पीछे से टक्कर दे मारी। उसका भाई साइकिल सहित सडक़ पर गिर गया। गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। उसने राहगीरों की मदद से घायल धर्मवीर को एलएनजेपी अस्पताल ले गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। उसने अपने भाई को आदेश अस्पताल में दाखिल कराया वहां से भी डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच एसआई जसबीर सिंह कर रहे है।

## महिला व पुरुष बॉक्सरों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 4 मेडल

हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 03 जुलाई।** हरियाणा खेल विभाग की तरफ से हरियाणा राज्य सीनियर महिला व पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 27 से 29 जून तक ताऊ देवी लाल स्टेडियम पंचकुला में हुआ। इस राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 4 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में मेडल जीतकर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों को जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार व प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह ने सम्मानित किया है।



जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी हर गेम में जिले के साथ-साथ प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। अभी हाल में ही चल रही खेल प्रतियोगिताओं में कुरुक्षेत्र की प्रतिभाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। इन खिलाड़ियों को सरकार की तरफ से उच्च स्तरीय सुविधाएं और अच्छा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके चलते ही खिलाड़ी खेलों के हर मंच पर सराहनीय प्रदर्शन कर पा रहे है। बॉक्सिंग के प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पंचकुला ताऊ देवी लाल स्टेडियम में हुई हरियाणा सीनियर स्टेट महिला व पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 59 किलोग्राम वर्ग में नीतिका ने कांस्य पदक हासिल किया है। इसी तरह 60 किलोग्राम वर्ग में परमवीर ने कांस्य, 70 किलोग्राम वर्ग में वंश ने कांस्य और 90 किलोग्राम वर्ग में दिलावर ने भी कांस्य पदक हासिल किया है। इन खिलाड़ियों ने सराहनीय प्रदर्शन करके कुरुक्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। इन खिलाड़ियों से दूसरे युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# सरकारी डॉक्टरों की लापरवाही और प्राइवेट अस्पतालों की लूट

### मैडीकल कॉलेज व अस्पताल बना सिर्फ रैफर सेंटर

## करनाल के मरीज मजबूर: दिल्ली, रोहतक, चंडीगढ़ की ओर करना पड़ता है रुख

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

करनाल, 03 जुलाई। दस साल तक मुख्यमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र रहने के बाद भी करनाल के आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया नहीं हो पाई। भले ही करनाल को कल्पना चावला के नाम पर मैडीकल कालेज मिला लेकिन करनाल का यह कालेज रैफर सेंटर से अधिक साबित नहीं हो पाया। जब से हरियाणा बना है, उस समय से ही करनाल के लोग अपने जीवन के लिए रोहतक या चंडीगढ़ की तरफ देखते हैं। करनाल में कहने को तो सिविल अस्पताल है, मैडीकल कालेज हैं। कई प्राइवेट मैडीकल संस्थान हैं। लेकिन गरीब मरीज के पास इलाज के लिए कोई विकल्प नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में खुली लूट है। सरकारी अस्पताल और मैडीकल कालेज में बेहतर उपकरण हैं। क्वालीफाइड डाक्टर हैं लेकिन उनकी नीयत गरीब मरीज के इलाज की नहीं है। यहां पर डाक्टर प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को रेफर कर देते हैं। पिछले दिनों करनाल के कुछ एक प्राइवेट अस्पतालों में मरने के बाद भी मरीज को कई घंटों तक वेंटीलेटर पर रखने का मामला सामने आया। करनाल में भले ही दो मुख्यमंत्री जीत कर पद तक पहुंचे हो लेकिन उन्होंने करनाल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कुछ नहीं किया। मैडीकल कालेज और सरकारी अस्पतालों में यदि मरीज सामान्य हुआ तो प्राइवेट में भेज देते हैं। यदि गरीब हुआ तो रोहतक या चंडीगढ़ भेज देते हैं। सरकारी अस्पताल और मैडीकल कालेजों में मोटा वेतन और सुविधाओं के बाद भी डाक्टर मरीज के प्रति जवाब देह नहीं हैं। जब करनाल में कोई गंभीर रूप से बीमार हो जाता है तो यहां पर उसको बचाने की जगह उससे मोटे पैसे वसूलने की बात होती है। थक हार कर उसे दिल्ली रोहतक या चंडीगढ़ जाना पड़ता है। अंबाला में सरकारी अस्पताल का काया कल्प अनिल विज ने कर दिया। लेकिन करनाल के सरकारी अस्पतालों की तरफ ना तो यहां से विधायक चुने गए दो मुख्य मंत्रियों का ध्यान गया और ना ही यहां के विधायकों का। ना ही यहां से चुने गए सांसदों का। करनाल शुरू से ही लवारिस शहर बन कर सुविधाओं के नजरिए से दम तोड़ रहा है।

## मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान का हुआ शुभारंभ

हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 03 जुलाई।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरूआत की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमो को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत 31 जुलाई तक उचित लंबित मुकदमों को एडीआर सैंटर कुरुक्षेत्र मे भेजा जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद मामले, दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद मामले, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, विभाग वसूली मामले, विभाजन मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, अन्य उपयुक्त सिविल मामले अदालतों द्वारा भेजे जाएंगे। जिन लोगों के मुकदमें विभिन्न अदालतों में चल रहे है वे संबधित अदालत द्वारा अपने मुकदमें एडीआर सैंटर में भिजवा सकते है।

## युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी द्वारा चलाया गया पौधारोपण अभियान

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर



रतिया, 03 जुलाई। युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी द्वारा पौधारोपण अभियान के अंतर्गत दूसरे चरण में अध्यक्ष डा पीयूष अरोड़ा के नेतृत्व में सदस्यों ने शहर की कृष्णा कालोनी स्थित पार्क में पौधे लगाकर शुरूआत की व इस मौके पर कालोनीवासी अश्वनी मोंगा, संजय कुमार, मनोज कक्कड़, हरीश आनंद सहित कालोनीवासियो के सहयोग से पौधारोपण किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए कोआर्डिनेटर हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए सोसाइटी द्वारा पुनः पौधारोपण अभियान की शुरुआत की गई है व इस दौरान शहर की कृष्णा कालोनी स्थित कालोनीवासियो के सहयोग से पार्क में फूलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए और इस तरह से शहर व गाँव को भी कवर किया जाएगा जहां पर पौधों की आवश्यकता और उनकी संभाल हो सके। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी प्रथम चरण में सोसायटी सदस्यों के द्वारा पौधारोपण किया गया था जिसमें काफी पौधे लगाए गए थे। वहीं इस दौरान कालोनीवासियो ने पौधों की सांझ संभाल द्वारा सहयोग की भी बात की। इस मौके पर मोहन चिलाना, रणजीत सिंह ग्रोवर, प्रेम सेठी, सतीश अरोड़ा, मनीश कक्कड़, इशान नागपाल, कुमार सचदेवा, सुरेश कुमार,आरूष ग्रोवर, करण कुमार सहित सदस्य मौजूद रहे।

## अकादमिक-उद्योग साझेदारी से छात्रों को व्यावसायिक दृष्टिकोण प्राप्त होता है: प्राचार्य



### पॉलिटेक्निक दामला में हिमेल इन्फोटेल इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी

**रादौर, 03 जुलाई।** पॉलिटेक्निक दामला में सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से हिमेल इन्फोटेल प्राइवेट लिमिटेड मोहाली के सहयोग से चार सप्ताह इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को निर्माण एवं अवसंरचना क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रयुक्त सॉफ्टवेयर उपकरणों से परिचित कराना एवं उन्हें उद्योग-संगत तकनीकी कौशल प्रदान करना है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को व्यावहारिक अनुभव पर आधारित बनाते हुए इसमें ऑटोकैड - 2 डी व 3डी ड्राफ्टिंग एवं डिटेलिंग, ऑटोडेस्क रेविट बिल्डिंग इंफॉर्मेशन मॉडलिंग हेतु, स्टैंड प्रो संरचनात्मक विश्लेषण व डिज़ाइन जैसे प्रमुख सॉफ्टवेयर शामिल किए गए हैं। यह प्रशिक्षण अकादमिक ज्ञान और व्यावसायिक आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करने में सहायक है, जिससे छात्र बेहतर करियर के लिए सशक्त बन सकें। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी अमनदीप सिंह ने कहा, कार्यक्रम तकनीकी दक्षता को मजबूत करता है और छात्रों को उद्योग की वर्तमान अपेक्षाओं के अनुसार तैयार करता है। प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि इस प्रकार की अकादमिक-उद्योग साझेदारी से छात्रों को व्यावसायिक दृष्टिकोण प्राप्त होता है, जो उन्हें एक सक्षम सिविल इंजीनियर के रूप में विकसित करता है।

### निर्माण सामग्री के लिए नमूने, भ्रष्टाचार की मिली थी शिकायत

## नौरंग राय तालाब और महावीर जैन पार्क की जांच हेतु पहुंचे अधिकारी

हरियाणा वाटिका/अनिल दत्ता

**अंबाला, 03 जुलाई।** आखिर वह दिन आ ही गया जिस का इंतज़ार अमबाला शहर के लोग एक मुद्दत से कर रहे थे। मामला नौरंग राय सरोवर और महावीर पार्क के निर्माण से जुड़ा है।एक लंबे समय से इन का निर्माण जारी है जो पूरा होने का नाम ही नही ले रहा था। इस बात की शिकायत एन्टी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक को स्थानीय विधायक निर्मल सिंह ने की जिस मे भ्रष्टाचार होने का संदेह प्रकट किया गया था। बताया गया कि उक्त शिकायत पर आज जांच टीम यहां पहुंची। एसीबी की ओर से आये जांच अधिकारी नीरज शर्मा ने बताया कि उन्हें दो शिकायतें प्राप्त हुई थी।इन में महावीर पार्क और नौरंगराय कलाम के विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे।

चंडीगढ़ और अंबाला की एंटी कराशन ब्यूरो की एक संयुक्त टीम ने शहर के महावीर पार्क और नौरंगराव तालाब में पिछले दस वर्षों से चल रहे विकास कार्यों की जांच शुरू की है। जांच के दौरान टीम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री और दस्तावेजों की पड़ताल की। घार घंटे तक चली इस कार्रवाई में एसीबी के तकनीकी कार्यकारी अभियंता नीरज थर्मा और उनकी टीम शामिल थी। टीम ने नगर निगम के अधिकारियों और संबंधित एजेंसी से सवाल-जवाब तथा निर्माण सामग्री के नमूने भी इकट्ठा किए। टीम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री और दस्तावेजों की पड़ताल की। जांच की कार्रवाई करीबन 5 घंटे चली ।

### चौधरी निर्मल सिंह ने उठाए थे भ्रष्टाचार के

विधायक निर्मल सिंह ने 5 मई को एसीबी के महानिदेशक को शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने महावीर पार्क और नौरगराय तालाब के सौंदर्याकरण और निर्माण कार्यों में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं, घटिया सामग्री के उपयोग, मापदंडों की अनदेखी और सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। शिकायत में कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता और प्रगति पर सवाल उवाए गए थे।नीरज शर्मा और उनकी टीम ने नगर निगम के अधिकारियों और संबंधित एजेंसीसे सवाल जवाब भी किए । निर्माण सामती के नमूने टेस्ट के लिए एकत्र किए। नीरज शर्मा ने बताया कि उन्हें दो शिकायतें प्राप्त हुई थी।शर्मा ने कहाकि प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि अनियमितताए हुई हैं। जांच जैसे जैसे आगे बढ़ेगी मामला साफ होता जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम से आवश्यक दस्तावेज मांगे गए हैं। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला भेज दिए हैं। नीरज शर्मा ने कहा कि यह जांच एक दिन की प्रक्रिया नहीं है इस मई वक्त लगेगा। सभी दस्तावेजों की गहन जांच उपरांत सरकार को इस की विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। अनियमितताएं पाई गई तो सरकार उचित कार्रवाई करेगी।

### केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा सेक्टर 13 की शाखा में लगाया गया लोन मेला

## उपभोक्ता निर्धारित समय के अंदर ऋण किस्तों की करें अदायगी: ऋतु वर्मा

हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 03 जुलाई।** नाबार्ड अंबाला कलस्टर की जिला विकास प्रबंधक ऋतु वर्मा ने कहा है कि उपभोक्ता निर्धारित समय के अंदर अपनी किस्तों का भुगतान करें और बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। केंद्रीय सहकारी बैंक समाज के विभिन्न वर्गों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कई योजनाएं चला रहा है। ये योजनाएं छोटे व्यवसायी, किसानों, महिलाओं, दुकानदारों और विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं। वे केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा सेक्टर 13 की बैंक शाखा में लगाए गए लोन मेले में आए उपभोक्ताओं और लोगों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने इस मौके पर केंद्रीय सहकारी बैंक की योजनाओं का हवाला दिया और बताया कि ये योजनाएं उपभोक्ताओं के लिए कारगर साबित हो रही हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे बैंक द्वारा दिए गए ऋण को समय पर अदायगी करें। ताकि उन्हें अतिरिक्त ब्याज ना देना पड़े। इस मौके पर




उन्होंने बैंक के विभिन्न ऋणों के स्वीकृति पत्र उपभोक्ताओं को सौंपे। केंद्रीय सहकारी बैंक के महाप्रबंधक सुनीत पातड़ ने केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की लोन मेले में आए हुए लोगों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बैंक द्वारा चलाई जा रही ऋण स्कीमों और बैंक में जमा राशि बचत खाते के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय सहकारी बैंक अन्य बैंकों की अपेक्षा बैंक में ऋण जमा कराने वाले उपभोक्ताओं को अधिक ब्याज मुहैया कराता है और वहीं ऋण सस्ती दर पर दिया जाता है। बैंक द्वारा जमा राशि पर आकर्षक ब्याज दिया जाता है। उन्होंने ऋणी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे ऋण का सही उपयोग करें और ऋण की किस्तें समय पर जमा कराएं। लोन मेले में आए उपभोक्ताओं को ऋण पत्र सौंपने के बाद महाप्रबंधक सुनील पातड़ ने कहा कि वे बैंक द्वारा लिए गए ऋण का सदुपयोग कर अपना भविष्य सुनिश्चित करें। केंद्रीय सहकारी बैंक उनका अपना बैंक है और सदैव उपभोक्ताओं की सेवा में तत्पर रहता है। इस अवसर पर बैंक के विकास अधिकारी अशोक कुमार मांजू, सहायक प्रबंधक हेमलता, स्थापना अधिकारी मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार, हरीश गुप्ता, एनएफएफ व बैंक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गांव रतनगढ़ निवासी नरेंद्र सिंह ने रादौर पुलिस को दी थी शिकायत

## कार का शीशा तोड़कर सोने के जेवरात व नगदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी

**रादौर, 03 जुलाई।** थाना रादौर की पुलिस टीम ने एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी से चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना रादौर प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव रतनगढ़ निवासी नरेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह रादौर में वह सफल पैलेस रादौर में परिवार सहित कार्यक्रम में आए हुए आए हुए थे। उन्होंने अपनी कार पैलेस के सामने खड़ी कर दी। जब वह वापस लोटे तो उसकी कार का शीशा तोड़कर किसी नाम पता ना मालूम व्यक्ति ने कार में से लेडिस पर्स, सोने के जेवरात, व नगद पैसे चोरी करके ले गया है। चोरी की यह पुरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। चोरी की शिकायत थाना रादौर पुलिस से की गई थी। एएसआई वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी कैमरे की मदद से एक चोर को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान गांव भगवानपुर निवासी रोहित उर्फ सेठा पुत्र बलबीर सिंह के रूप में हुई। आरोपी से चोरी का सामान बरामद किया



गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रबंधक नरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पर पहले भी चोरी के छह मुकदमे दर्ज हैं जो न्यायालय में विचाराधीन है।

## सम्पादकीय

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेशी देशों की यात्रा से ग्लोबल साउथ को मिलेगी मजबूती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।

जब वैश्विक पटल पर अमेरिका और चीन एक दूसरे पर पलटवार करने के लिए रूस के मित्र भारत को अपने-अपने खेमे में मिलाने के लिए तरह-तरह की भारत विरोधी चालें चल रहे हैं, वहीं भारत अपनी सधी चाल से रूस को भी हैरत में डालते हुए ग्लोबल साउथ यानी तीसरी दुनिया के देशों पर निरंतर अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी विगत 11 वर्षों से लगातार वैश्विक यात्रा कर रहे हैं और भारत की वैश्विक स्थिति को काफी मजबूती प्रदान कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि भारत दुनिया के गुटनिरपेक्ष देशों को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करे और अपने साथ साथ सभी देशों का आशातीत विकास करे। इससे सत्य व अहिंसा की वैश्विक भावना को भी मजबूती मिलेगी।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं।

अपने इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम मोदी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे, जिसके अपने वैश्विक मायने हैं। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। स्पष्ट है कि उनकी यह यात्रा ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी देश घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा की शुरुआत 2-3 जुलाई को की। वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

## आज का इतिहास

### 4 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1054 सुपरनोवा एसएन 1054 को अरब, चीनी गीत राजवंश ने देखा था और स्टार जेटा तौरी के करीबी अमेरिंडियन पर्यवेक्षक हो सकते हैं। कई महीनों तक यह दिन के दौरान देखने के लिए पर्याप्त उज्ज्वल रहा। इसके बचे हुए हिस्से ने क्रैब नेबुला का गठन किया।
- 1054 चीनी खगोलविदों ने गेस्ट स्टार की अचानक उपस्थिति दर्ज की, जो वास्तविक रूप से सुपरनोवा था जिसने क्रैब नेबुला बनाया था।
- 1610 पोलिश-मस्कोविट वॉर-पोलिश-लिथुआनियाई राष्ट्रमंडल के आउटबर्ड बलों ने क्लुशिनो की लड़ाई में रूसियों को हराया।
- 1610 पोलिश-मस्कोविट युद्ध- पोलिश-लिथुआनियाई राष्ट्रमंडल के बाहर गिने हुए बलों ने क्लुशिनो की लड़ाई में रूस के Tsardom को हराया।
- 1634 ट्रोइस रिवेयर्स शहर की स्थापना नई फ्रांस (वर्तमान कनाडा) में हुई थी। क्यूबेक, कनाडा के मॉरीसी प्रशासनिक क्षेत्र का एक शहर है। यह सेंट लॉरेंस सेंट और मौरिस नदियों के विलय बिंदु पर स्थित है, जो सेंट लॉरेंस नदी के उत्तरी किनारे पर बेकनकोर शहर के सामने स्थित है।
- 1776 अमेरिकी स्वतन्त्रता की घोषणा।
- 1776 दूसरी महाद्वीपीय कांग्रेस ने संयुक्त राज्य अमेरिका की स्वतंत्रता की घोषणा को अपनाया। यह घोषित किया कि ग्रेट ब्रिटेन के साथ युद्ध में तेरह अमेरिकी उपनिवेश, खुद को तेरह नए स्वतंत्र स्वायत्त राज्यों के रूप में मानते हैं, ब्रिटिश साम्राज्य से भाग लेते हैं। बल्कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका नामक एक नए राष्ट्र का गठन किया।
- 1776 फिलाडेल्फिया में, कॉन्टिनेंटल कांग्रेस ने स्वतंत्रता की घोषणा को अपनाया, यह घोषणा करते हुए कि तेरह अमेरिकी साम्राज्य अब ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा नहीं थे।
- 1776 अमरीका के 13 राज्यों के प्रतिनिधियों ने फिलाडेल्फिया नगर में इस देश की स्वतंत्रता के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये। इसी लिए इस दिन को अमेरिका की आजादी के तौर पर जाना जाता है।
- 1782 चार्ल्स वाटसन-वेंटवर्थ की मृत्यु के बाद विलियम पैटी ग्रेट ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बन गए।
- 1817 मुख्य अभियंता जेम्स गैदेस ने एरी नहर, (रोम, न्यूयॉर्क) पर निर्माण शुरू किया, यह उत्तरी अमेरिका में पहले प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यों में से एक था।
- 1819 विलियम हर्शल 1819 धूमकेतु के अंतिम दूरबीन का अवलोकन किया।
- 1827 न्यूयॉर्क राज्य ने गुलामी को समाप्त कर दिया। दासता एक कानूनी या आर्थिक प्रणाली थी जिसके तहत लोगों को निजी संपत्ति माना जाता था। गुलामों को खरीदा और बेचा जा सकता है। दासों को उनके कब्जे, खरीद या जन्म के समय से आयोजित किया जा सकता है। गुलामों को अधिकार से वंचित कर दिया गया, जैसे काम करने से इंकार करना या मुआवजे की मांग करना।
- 1829 जॉर्ज शिलबियर द्वारा लंदन में पहली बस सेवा का संचालन शुरू किया गया।
- 1848 फ्रांसवा शाटोब्रेयां नामक फ्रांसीसी शायर का निधन हुआ। जिन्होने फ्रांसीसी साहित्य की सराहनीय सेवा की है।

विशेष आलेख

# विश्व गुरु का संकल्प: आठ दिनों में पांच महादेशों को जोड़ता भारत



प्रो. आरके जैन

**3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो की धरती पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय मूल की 40-45त्न आबादी के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों का एक सशक्त, आत्मीय और प्रेरक उत्सव रचेंगे। 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा, भारतीय प्रवासियों की 180 वर्षों की गौरवमयी विरासत को एक नया आलोक प्रदान करती है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच 341.61 मिलियन डॉलर का व्यापार इस रिश्ते की जीवंतता और गहराई को रंगीन कैनवास पर उकेरता है। भारत ने त्रिनिदाद और टोबैगो को नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग दिया है, जिसमें सौर ऊर्जा की क्रांतिकारी परियोजनाएं और डिजिटल शिक्षा की नवोन्मेषी पहल शामिल हैं।**

जब विश्व की निगाहें भारत पर टिकी हैं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसी साहसिक और दूरदर्शी यात्रा पर निकले हैं, जो ग्लोबल साउथ में भारत की महत्त्वाकांक्षाओं को नया आयाम देगी और विश्व मंच पर भारत को एक सशक्त, अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करेगी। यह आठ दिवसीय यात्रा—घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील, और नामीबिया—मात्र कूटनीति नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि, रणनीतिक कुशलता और वैश्विक नेतृत्व की प्रबल घोषणा है। ऐसे दौर में, जब वैश्विक भू-राजनीति अनिश्चितता के भंवर में उलझी है और अमेरिकी नीतियां नए वैश्विक समीकरण गढ़ रही हैं, यह यात्रा भारत को एक विश्वसनीय, प्रभावशाली और प्रेरक शक्ति के रूप में उभारती है। यह दौरा भारत के आर्थिक, सांस्कृतिक और रक्षा हितों को ग्लोबल साउथ के देशों के साथ जोड़ने का एक अभूतपूर्व प्रयास है, जो भारत की वैश्विक आवाज को और सशक्त करेगा। साथ ही, यह यात्रा भारत के 'विश्व गुरु' के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देती है, जो समावेशी विकास और वैश्विक एकता के प्रति अटल प्रतिबद्धता को दर्शाता है। घाना में पहला पड़ाव भारत के लिए पश्चिमी अफ्रीका के साथ एक अभूतपूर्व साझेदारी का स्वर्णिम अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह ऐतिहासिक द्विपक्षीय यात्रा भारत-घाना संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। 2024-25 में भारत घाना का सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा, जिसमें घाना से भारत के आयात का 70त्न से अधिक हिस्सा सोने का है। इसके साथ ही, भारत ने घाना में डिजिटल बुनियादी ढांचे और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की है, जिसने घाना की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नया बल दिया है। रक्षा सहयोग के तहत भारत द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण और अत्याधुनिक उपकरण, साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में रणनीतिक निवेश, इस यात्रा को और भी महत्वपूर्ण बनाते हैं। यह दौरा अफ्रीकी महाद्वीप में भारत की मित्रता को एक नया आलोक प्रदान करेगा, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक, परिवर्तनकारी साझेदारी का मजबूत आधार रचेगा।

3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो की धरती पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय मूल की 40-45त्न आबादी के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों का एक सशक्त, आत्मीय और प्रेरक उत्सव रचेंगे। 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा, भारतीय प्रवासियों की 180 वर्षों की गौरवमयी विरासत को एक नया आलोक प्रदान करती है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच 341.61 मिलियन डॉलर का व्यापार इस रिश्ते की जीवंतता और गहराई को रंगीन कैनवास पर उकेरता है। भारत ने त्रिनिदाद और टोबैगो को नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग दिया है, जिसमें सौर ऊर्जा की क्रांतिकारी परियोजनाएं और डिजिटल शिक्षा की नवोन्मेषी पहल शामिल हैं। संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए और राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू व प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ विचार-विमर्श में, पीएम मोदी कैरेबियाई क्षेत्र में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। यह दौरा सांस्कृतिक एकता, व्यापारिक गतिशीलता और तकनीकी सहयोग का एक अनुपम समन्वय प्रस्तुत करता है, जो भारत के सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर एक चमकते सितारे की तरह देदीप्यमान बनाएगा।

4-5 जुलाई को अर्जेंटीना की धरती पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ रक्षा, कृषि, खनन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को एक नई, गतिशील दिशा देंगे। 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा, लिथियम जैसे रणनीतिक खनिजों में साझेदारी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाएगी। लिथियम, भारत की इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति और हरित ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का आधार है, और अर्जेंटीना विश्व के सबसे विशाल लिथियम भंडारों का धनी है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच व्यापार, जो सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर केंद्रित है, 2.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है, जो भारत को दक्षिण अमेरिका में एक प्रमुख व्यापारिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। यह ऐतिहासिक मुलाकात भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ दक्षिण अमेरिका में भारत की रणनीतिक उपस्थिति को और अधिक प्रबल करेगी, एक नए युग की शुरुआत करते हुए।

5-8 जुलाई को ब्राजील में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की प्रबल और दूरदर्शी आवाज को वैश्विक मंच पर और अधिक सशक्त करेंगे। आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग जैसे वैश्विक चुनौतियों पर भारत का स्पष्ट और प्रेरक दृष्टिकोण विश्व को एक नई दिशा प्रदान करेगा। भारत ने ब्रिक्स ढांचे के तहत डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप सहयोग को नया आयाम दिया है, जिसमें यूपीआई जैसे क्रांतिकारी मॉडल को वैश्विक मंच पर गौरव के साथ प्रस्तुत किया गया है। राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता में व्यापार, रक्षा, अंतरिक्ष और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भारत-ब्राजील साझेदारी को अभूतपूर्व गति और गहराई मिलेगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, इसलिए, आप किसी बहसबाजी में ना पड़ें। यदि आपका धन व्यापार में कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

### वृष
आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी मे लेंगे, तो उसके लिए आपको बाद में पछतावा होगा।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### कर्क
आपको हर काम में सावधान रहने की जरूरत है. किसी दूसरे व्यक्ति की वजह से आपके काम में जरूरत से ज्यादा समय लग सकता है. कुछ आदतों में सुधार लाने से आपका दिन बेहतर हो सकता है. जीवनसाथी के साथ आपको प्यार से बात करनी चाहिए।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होने से आपको धोखा मिल सकता है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने पिताजी से पैतृक बिजनेस को लेकर सलाह ले सकते हैं।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे, लेकिन आपका ध्यान फिर भी दूसरी जगह लगेगा। आपको अपने खर्चों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

### तुला
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी से यदि आप कोई बात गुप्त रखे, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई निवेश संबंधित फैसला न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, क्योंकि साथी के साथ उनकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

### धनु
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूर्ण न होने के कारण आपके मन में निराशा बनी रहेगी। परिवार में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें।

### मीन
आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे वह अच्छा लाभ कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

# आईएमपावर एकेडेमी फॉर स्किल्स पत्तिकल्याण में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

**पानीपत, 03 जुलाई।** एम3एम फाउंडेशन द्वारा संचालित आईएमपावर एकेडेमी फॉर स्किल्स, ग्राम पत्तिकल्याण में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा संचालित विभिन्न 11 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के 192 सफल प्रशिक्षणार्थियों का चयन देश-विदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा किया गया, जिनका प्रारम्भिक मासिक वेतन रूपये 13,000 से रूपये 25,000 तक होगा।

इस अवसर पर डॉ. पायल कनोडिया, चेयरपर्सन एंड ट्रस्टी एम3एम फाउंडेशन ने कहा कि यह केवल नियुक्ति पत्रों का वितरण नहीं, बल्कि हमारे प्रतिभाशाली युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान देने का पल है। हमारे प्रशिक्षुओं ने कठिन परिश्रम और लगन से इस मुकाम को हासिल किया है, और आज उनके आत्मविश्वास की चमक देखते ही बनती है। मुझे गर्व है कि एम3एम फाउंडेशन के माध्यम से हम न केवल उन्हें कौशल दे रहे हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार कर रहे हैं। माता-पिता की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी प्रेरणादायक बना दिया। मैं सभी युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्तर भारत प्रांत के संघ प्रमुख श्री पवन जिंदल जी रहे। उन्होंने सभी चयनित युवाओं को बधाई दी और कहा कि व्यक्ति की पहली नौकरी उसके जीवन का महत्वपूर्ण चरण होती है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने सीखे हुए कौशल का प्रयोग पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी से करें, जिससे उनका और आईएमपावर एकेडेमी फॉर स्किल्स का नाम रोशन हो।

कार्यक्रम में एम3एम फाउंडेशन के प्रेसीडेंट डॉ. ऐश्वर्या महाजन जी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित हुए युवाओं को शुभकामनाएं दीं एवं समारोह में भाग लेने वाले सभी कंपनियों के नियोक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह के और भी रोजगार मेलों व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवा रोजगार से जोड़े जा सकें। आईएमपावर एकेडेमी फॉर स्किल्स में सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रम निशुल्क संचालित किए जाते हैं और प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। संस्था का उद्देश्य है कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को स्वावलंबी बनाया जाए और उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्रदान किया जाए।

# सारंग सिकंदर ने अपने पिता सरदूल सिंकदर को समर्पित एआई अधारित गीत - 'मी एंड हर' किया रिलीज

हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार

**चंडीगढ़, 03 जुलाई।** जाने माने पंजाबी गायक सरदूल सिंकदर को याद करते हुये उनके गायक और संगीतकार बेटे सारंग सिकंदर ने अपने 32वें जन्मदिन पर चंडीगढ़ प्रेस क्लब में अपना नया गीत - 'मी एंड हर' रिलीज किया। यह आयोजन सिर्फ गीत लांच करने का नहीं थी बल्कि एक विरासत को याद करने, एआई जैसी नवीनत तकनीक को अपनाने और पारिवारिक प्रेम और संगीत के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर था।

ठस अवसर पर उनकी मां और सरदूल सिकंदर की पत्नी अमर नूरी, जो खुद एक प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका है, भी मौजूद थी।

इस गीत - मी एंड हर को खास बनाने के लिये एआई का इस्तेमाल किया गया है जो कि पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने आप में एक नया एक्सपेरिमेंट है। सारंग ने इस गीत को स्वयं लिखा, प्रोड्यूस और गाया है। अपने भाव व्यक्त करते हुये उन्होंनें कहा कि यह गीत उनके लिये अपने पिता से जुड़े रहने का एक माध्यम है। उनके अनुसार यह गीत एक सिर्फ एक श्रृद्धांजलि नहीं है पर भविष्य की तकनीक एआई के जरिये उनसे भावनात्मक रुप से जुड़ने का एक तरीका है।

# अशोका युनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया चेष्टा कोचर अवार्ड

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

**सोनीपत, 03 जुलाई।** चेष्टा कोचर की करुणा और दया की भावना को यंग इंडिया फेलोशिप 2025 दीक्षांत समारोह में उत्सव के रूप में मनाया गया जहां इस साल यह फेलोशिप प्राप्त करने वाले पुष्पिन्दर ने कहा, चेष्टा के करुणा और दया की गूंज अब भी इस कैंपस में सुनाई देती है। यह वार्षिक चेष्टा कोचर अवार्ड का दूसरा वर्ष है और एक भव्य समारोह में दिए गए इस अवार्ड के दौरान चेष्टा के माता पिता भी मौजूद थे जिन्हें अवार्ड देने के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया।

इस दीक्षांत समारोह से पूर्व एक पौधारोपण कार्यक्रम किया गया और लोगों को एचडीएफसी लाइब्रेरी ले जाया गया जहां उन्हें चेष्टा कोचर को समर्पित कॉर्नर दिखाया गया। इस कॉर्नर में चेष्टा कोचर के परिवार द्वारा दान में दी गई उनकी पुस्तकों का संग्रह रखा गया है। प्रमाथ सिन्हा और करण भोला को उनके विचारशील निमंत्रण के लिए सम्मान दिया गया। इस आयोजन में चेष्टा की विरासत के स्थायी प्रभाव को रेखांकित किया गया।

स्वेच्छा से आयोजित इस तरह के कार्यक्रम उन सभी लोगों के लिए गर्मजोशी और आशा पैदा करते हैं जो चेष्टा को जानते थे। इससे चेष्टा की विरासत भावी पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करती रहेगी। चेष्टा कोचर एक युवा और तेज तर्रार छात्रा थी जो प्रतिष्ठित लंदन स्कूल ऑफ इकोनामिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस में पीएचडी कर रही थी और 19 मार्च, 2024 को एक दर्दनाक हादसे में उन्होंने अपनी जान गंवा दी थी।

# विद्यार्थियों को प्लास्टिक फ्री के प्रति किया जागरूक

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

**सिरसा, 03 जुलाई।** भारत विकास परिषद की शहीद भगत सिंह शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक फ्री डे के उपलक्ष्य में जीएसएसएस नाथूसरी चोपटा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गणित अध्यायक विवेक कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विवेक शर्मा ने बताया कि इस दिन की शुरुआत साल 2009 में जीरो वेस्ट यूरोप ने की थी और इसके बाद से इसे पूरी दुनिया में लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाने लगा। इस दिन का उद्देश्य है कि प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल पर रोक लगाना और इससे होने वाली बीमारियों से लोगों को बचाना। वर्तमान समय में हर कोई प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहा है। यहां तक कि प्लास्टिक उनके डेली रुटीन का हिस्सा बन चुका है। यह हमारे नेचर को ही नहीं, बल्कि हमारी हैल्थ को भी बुरी तरह से नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक फ्री डे मनाया जाता है। भाविप के अश्विनी कुमार शर्मा, अमित कुमार शर्मा, विकास मेहता, सुनील कुमार, वीके जग्गा ने संयुक्त रूप से कहा कि प्लास्टिक का इस्तेमाल कर लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 3 जुलाई को इंटरनेशनल प्लास्टिक फ्री डे मनाया जाता है। इस दिन उन्हें याद दिलाया जाता है कि प्लास्टिक उनके लिए कितना खतरनाक हो सकता है। इसके साथ ही लोगों को प्लास्टिक की जगह अन्य ऑप्शन चुनने का आह्वान किया जाता है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सरकार से किसानों को मिल रहा है लाभ: राणा

हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी

**रादौर, 03 जुलाई।** कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में त्रिवेणी चौक पर एक निजी पैलेस में राज्य स्तरीय फसल बीमा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। वहीं कृषि विभाग के निदेशक राज नारायण कौशिक व संयुक्त निदेशक कृषि विभाा राजीव मिश्रा विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम में राज्य में चलाई जा रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी देते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि जिले में लाखों किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ मिल रहा है। जिले में किसानों को फसल बीमा योजना के तहत लगभग 32 करोड़ रुपये का लाभ दिया जा चुका है। योजना के तहत किसानों को कम दामों पर अधिक से अधिक लाभ दिया जा रहा है। किसानों की फसल खराब होने पर किसान आसानी से ऑनलाइन इसका आवेदन कर सकता है। इस अवसर पर श्याम सिंह राणा ने बताया कि बैंक द्वारा ऋणी किसानों का बीमा उनकी स्वेच्छा से किया जाता है। वहीं ऋण न लेने वाले किसान भी अपनी इच्छा से फसल बीमा ले सकते है। प्रदेश में एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस व एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी किसानों की फसलों का बीमा कर रही है।

## लाला अमी चंद कॉलेज आफ लॉ ने बीएएलएलबी और एलएलबी के टॉपर्स को किया सम्मानित



हरियाणा वाटिका/एकजोत

**शाहाबाद मारकंडा, 03 जुलाई।** लाला अमी चंद कॉलेज आफ लॉ ने हाल ही में बीएएलएलबी और एलएलबी पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर टॉपर्स को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन, संकाय सदस्यों और अभिभावकों ने संयुक्त रूप से छात्रों को बधाई दी और उनके सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की। बीएएलएलबी पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में भूमिका, हर्षिता, नंदिनी, सोनम, कार्तिक और आयुषी शामिल रहे। इन्होंने अपने समर्पण और परिश्रम से न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की, बल्कि कॉलेज का गौरव भी बढ़ाया। एलएलबी पाठ्यक्रम में ईशा, जसमीत और सिमरन ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और लगन का परिचय दिया।

कॉलेज प्रशासन ने बताया कि संस्थान न केवल विधि शिक्षा, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता वाले पाठ्यक्रम संचालित करता है, जिनमें बीएएलएलबी, एलएलबी, एलएलएम, डी. फामेर्सी, बी. फामेर्सी, बी.एड, डी.एड, एम.एड और आईटीआई शामिल हैं। कॉलेज में अनुभवी संकाय, आधुनिक सुविधाएं, शोध एवं नवाचार पर विशेष बल तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। लाला अमी चंद समूह का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। यह संस्थान छात्रों को न केवल एक बेहतर करियर की दिशा देता है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक और भविष्य के नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में भी कार्यरत है।

## 101 हस्तियों को पांच अक्टूबर को इंटरनेशनल टीचर-डे पर बैंकाक में सम्मानित करेगा राह ग्रुप फाउंडेशन

# बहुप्रतिष्ठित ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड 2025 के लिए चार जुलाई से होंगे आवेदन

हरियाणा वाटिका/अमित वालिया

लोहारू, 03 जुलाई। सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के बहुप्रतिष्ठित अवार्ड ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड-2025 के लिए चार से 10 जुलाई 2025 तक आवेदन किए जा सकेंगे। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़, ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड-2025 ईवेंट के संयोजक प्रो. श्यामसुंदर सांगवान ने बताया कि पांच अक्टूबर 2025 को इंटरनेशनल टीचर-डे पर बैंकाक (थाईलैंड) में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब व जम्मू-कश्मीर की 101 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें शिक्षा के विकास में सराहनीय योगदान देने वाले अध्यापकों व स्कूलों के निर्माण या विस्तार में सहयोग देने वाले भामाशाहों को वरीयता दी जाएगी। इस दौरान अध्यापकों को शैक्षणिक भ्रमण एवं वहां के स्कूलों की शैक्षिक व्यवस्था का जमीनी आंकलन व विशेष पैटर्न को अपनाने के लिए चार स्कूलों की विजिट भी करवाई जाएगी। इस अवार्ड के लिए 10 जुलाई 2025 तक आवेदन किए जा सकेंगे, जबकि 15 जुलाई तक इनका फाइनल चयन कर लिया जाएगा ताकि चयनित अवार्डी हस्तियां अपने-अपने दस्तावेजों की पूर्ति कर सके। राह संस्था के इस अवार्ड के लिए लिए आवेदक की विगत दो वर्ष की उपलब्धियों को आधार माना जाएगा। हालांकि आवेदक अपना दावा विगत पांच या जीवन भर की उपलब्धियों के आधार पर आवेदन कर सकता है। इसके लिए आवेदन को राह संस्था के तय प्रोफार्मा पर आवेदन ऑनलाइन व उसके बाद आफ लाईन आवेदन जमा करवाना अनिवार्य होगा।

### इन श्रेणियों में हो सकेंगे आवेदन

पांच अक्टूबर इंटरनेशनल टीचर-डे पर बैंकाक (थाईलैंड) में आयोजित होने वाले इस ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, खेलों के विकास, वैज्ञानिक शोध, इंजीनियरिंग, जनकल्याणकारी पत्रकारिता, मॉडर्न खेती, आर्ट, व्यापार, योग को बढ़ावा देने, दवाओं के क्षेत्र में रिसर्च व वैज्ञानिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान करने वालों के अलावा रक्तदान, समाजसेवा समेत कई अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली हस्तियां आवेदन कर सकेंगी। ये अवार्ड व्यक्तिगत या संस्था के स्तर पर अलग-अलग उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाएंगे।

### चार अलग-अलग श्रेणियों में मिलेगा अवार्ड-

सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ के अनुसार राह संस्था के इस बहुप्रतिष्ठित अवार्ड कार्यक्रम ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड प्रति वर्ष तरह इस बार भी चार अलग-अलग श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा। जिसमें लाईफ टाईम अचिवमेंट, शिक्षा, नवाचार एवं अलग-अलग श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड राह ग्रुप फाउंडेशन का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो इंटरनेशनल लेवल पर उन व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाता है जो अपने क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन या योगदान करते हैं। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में, जैसे कि नेतृत्व, सामाजिक प्रभाव, विज्ञान, कला, और शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार संगठन के अंदर या बाहर अपने सहकर्मियों को प्रेरित, सक्षम या समर्थन करने वाले व्यक्ति को भी दिया जा सकता है।

### इंटरनेशनल स्कूलों का मिलेगा एक्सपोजर

सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के बहुप्रतिष्ठित अवार्ड ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड-2025 के लिए चयनित हस्तियों को जहां अवार्ड में एक ट्राफी व एक प्रशस्ति पत्र के अलावा इंटरनेशनल लेवल के स्कूलों के अलावा थाईलैंड के धार्मिक व पर्यटन क्षेत्रों का दौरा भी करवाया जाएगा। चार दिवसीय इस अवार्ड एवं एजुकेशन टूर के लिए विमान सेवा दिल्ली एयरपोर्ट से उपलब्ध होगी।

## मांगे न माने जाने पर कर्मचारियों में रोष



हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 03 जुलाई।** रिटायर कर्मचारी संगठन हरियाणा ब्लॉक बाबैन की मासिक मीटिंग नजदीक पुलिस स्टेशन स्थानीय जलघर पब्लिक हेल्थ प्रांगण में ब्लॉक प्रधान राम कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग में विशेषता जिला प्रधान बरखाराम जास्ट व जिला वरिष्ठ उप प्रधान सुरेंद्र बारवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच का संचालन ब्लॉक उप प्रधान सुखदेव सिंह लौंगिया ने किया। मीटिंग में ब्लॉक से संबंधित सभी विभागों के रिटायर कर्मचारी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मीटिंग में कर्मचारियों की स्थानीय, शासन व प्रशासन स्तर की मांगों व समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने मीटिंग में अपने विचार व्यक्त किए। जिला प्रधान बरखा राम जास्ट ने कहा कि संगठन द्वारा मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार नायब सिंह सैनी को संगठन द्वारा कई बार मांग पत्र भेजा जा चुका है व संगठन द्वारा मुख्यमंत्री निवास चंडीगढ़ पर सामूहिक तौर पर भी ज्ञापन मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को संगठन द्वारा दिया गया लेकिन खेद का विषय है कि हरियाणा सरकार द्वारा आज तक संगठन के यूनियन शिष्ठ मंडल को बातचीत के लिए समय नहीं दिया गया जिससे प्रदेश भर के कर्मचारियों में भारी रोष है। यदि जल्द ही कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के समाधान को लेकर बातचीत के लिए संगठन को समय नहीं दिया गया तो संगठन जल्द ही आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर कोई बड़ा आंदोलन करने पर विवश होगा जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेवारी हरियाणा सरकार की होगी। मीटिंग में कलीराम, भगत सिंह, मामचंद, ओमप्रकाश, बलिंदर सिंह, शेर सिंह, जागीर सिंह, राजकुमार, प्रेमचंद आदि रिटायर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नथिंग फ़ोन (3) और नथिंग ओवर-ईयर ऑडियो प्रोडक्ट हेडफ़ोन (1) लॉन्च

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो



**करनाल, 03 जुलाई।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फ़ोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफ़ोन, और नथिंग हेडफ़ोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है। नथिंग फ़ोन (3) स्मार्टफ़ोन परफ़ॉरमेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है। इसे टेक फ़ील महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है । नथिंग फ़ोन (3) एंड्रॉइड 15 और नथिंग हृस 3.5 के साथ आता है। नथिंग हृस 3.5 में एसेंशियल स्पेस और एसेंशियल सर्च जैसी, हृ-पावर्ड सुविधाएँ हैं । इसमें है एंड्रॉइड 16 और नथिंग हृस 4.0, जो 2025 की तीसरी तिमाही में आने वाला है। नथिंग हेडफ़ोन (1) ओवर-ईयर ऑडियो श्रेणी में नथिंग की एंट्री को चिह्नित करता है। KEF के सहयोग से तैयार, यह एक्सप्रेसिव डिज़ाइन को सटीक इंजीनियरिंग के साथ जोड़ता है। कस्टम 40 मिमी डायनेमिक ड्राइवर से लेकर हेड ट्रैकिंग के साथ रियल-टाइम स्पैटियल ऑडियो तक, यह सुनने का एक गहरा इमर्सिव अनुभव प्रदान करता है। एल्युमीनियम और पीयू मेमोरी फोम सहित प्रीमियम सामग्रियों का एक परिष्कृत मिश्रण पूरे दिन आराम सुनिश्चित करता हैं। नथिंग फ़ोन (3) दो कॉन्फ़िगरेशन वेरिएंट के साथ काले और सफ़ेद रंग के विकल्प में उपलब्ध होगा, 12 GB + 256 GB - 62,999 रुपये से शुरू, 16 GB + 512 GB - 72,999 रुपये से शुरू, नथिंग फ़ोन (3) के लिए प्री-बुकिंग 1 जुलाई, 2025 से शुरू होगी। विशेष लॉन्च ऑफ़र के रूप में, प्री-बुक करने वाले ग्राहकों को उनके फ़ोन (3) के साथ नथिंग ईयर (14,999 रुपये मूल्य) मुफ़्त मिलेगा। 15 जुलाई को नथिंग फ़ोन (3) की प्री-बुकिंग करने वाले या डिवाइस खरीदने वाले सभी उपभोक्ताओं को 1 साल की अतिरिक्त एक्सटेंडेड वॉरंटी भी मिलेगी। नथिंग फ़ोन (3) और नथिंग हेडफ़ोन (1) की बिक्री 15 जुलाई, 2025 से फ्लिपकार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर शुरू होगी। हेडफ़ोन (1) भारतीय बाज़ार में 21,999 रुपये में काले और सफ़ेद वेरिएंट में उपलब्ध होगा और उपभोक्ता 15 जुलाई, 2025 को 19,999 रुपये की विशेष इंट्रोडक्टरी लॉन्च डे कीमत का भी लाभ उठा सकते हैं।

## न्युवोको ने हरियाणा के भिवानी में न्युवो मेसन (आरपीएल) प्रशिक्षण के पहले बैच के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो



**पानीपत, 03 जुलाई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने 30 जून, 2025 को हरियाणा सीमेंट प्लांट (एचसीपी) में अपनी सीएसआर पहल न्युवो मेसन के तहत रेकोगिनीशन प्रॉयर लर्निंग (आरपीएल) प्रशिक्षण के पहले बैच के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया।न्युवो मेसन एक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसे राजमिस्त्री कौशल को बढ़ाने, श्रमिकों को सशक्त बनाने और नई कमाई के अवसर खोलने के लिए डिजाइन किया गया है। हरियाणा सीमेंट प्लांट के आस-पास के गांवों से 25 प्रतिभागियों का बैच चुना गया और उन्हें लगभग 80 घंटे (10 दिन) का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें टाइल चिनाई (फर्श और दीवारें) के सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं को शामिल किया गया। कार्यक्रम की सामग्री नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप है, और प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।यह पहल लोक भारती एजुकेशन सोसाइटी, दिल्ली के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही है, जिसका उद्देश्य कौशल विकास का समर्थन करना और स्थानीय युवाओं को निर्माण क्षेत्र में सार्थक रोजगार प्राप्त करने में मदद करना है। इस कार्यक्रम से प्रतिभागियों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है, क्योंकि इससे वेतन समानता को बढ़ावा मिलेगा और संगठित प्रशिक्षण के माध्यम से स्थायी आजीविका के काफी नए अवसर पैदा होंगे। समारोह का उद्घाटन श्री शीतल बिसेन, प्लांट हेड, एचसीपी ने मैन्युफैक्चरिंग सुविधा के अन्य गणमान्य व्यक्तियों, लोक भारती के प्रतिनिधियों और न्युवो मेसन प्रशिक्षुओं की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री शीतल बिसेन, प्लांट हेड, हरियाणा सीमेंट प्लांट ने कहा कि न्युवो मेसन कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। असंगठित क्षेत्र के युवाओं और श्रमिकों को आवश्यक चिनाई कौशल प्रदान करके, हम वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास करते हैं। यह दीक्षांत समारोह उनकी कड़ी मेहनत और विकास का गौरवपूर्ण मील का पत्थर है। यह न केवल उनकी तकनीकी क्षमताओं की उन्नति को उजागर करता है, बल्कि स्थायी आजीविका के लिए मार्ग भी खोलता है, जो वास्तव में देखभाल के हमारे मूल मूल्य को दर्शाता है।

## लवकेश मित्तल अग्रवाल वैश्य समाज रतिया के पुनः विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर

**रतिया, 03 जुलाई।** अग्रवाल वैश्य समाज फतेहाबाद के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला व बलराम गुप्ता, प्रदेश सचिव मुकेश बंसल से विचार करते हुए लवकेश मित्तल को एक बार फिर से रतिया विधानसभा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। लवकेश मित्तल को अध्यक्ष नियुक्त करने पर समाज के समस्त सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनकी इस नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला महासचिव राजेश सिंगला एवं बलराम गुप्ता , मुकेश बंसल, जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल का आभार प्रकट किया हैं।

## शाइनिंग स्टार्स स्कूल में बच्चों का किया गया जोरदार स्वागत

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर

**रतिया, 03 जुलाई।** स्थानीय मॉडल टाउन स्थित शाइनिंग स्टार्स प्रीस्कूल प्रांगण में ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूल पहुंचने पर बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय में बच्चों को तिलक लगाकर और फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया । इसके पश्चात सभी बच्चो ने ओम के पाठ का जाप किया। इस दौरान अधिकारी एवं सम्पूर्ण स्टाफ मेम्बर्स भी स्कूलों में उपस्थित रहे और बच्चों से बातचीत भी करी। बच्चों को तिलक लगाकर और फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान आई। इस अवसर पर स्कूल को साफ-सुथरा कर सजाया हुआ था। स्कूल में स्वागत समारोह का आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव था, जिससे उन्हें स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# एचएमएसआई ने जून 2025 में बेचे 4,29,147 यूनिट्स

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो



**करनाल, 03 जुलाई।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने जून 2025 के लिए अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। कंपनी ने इस महीने कुल 4,29,147 यूनिट्स की बिक्री की, जिसमें 3,88,812 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 40,335 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

अगर अप्रैल से जून 2025 (YTD FY26) की बात करें, तो एचएमएसआई की कुल बिक्री 13,75,120 यूनिट्स रही, जिसमें 12,28,961 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 1,46,159 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

**जून 2025 की प्रमुख झलकियां:** रोड सेफ्टी इनिशिएटिव्सः एचएमएसआई ने भारत में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 12 शहरों में जागरूकता अभियान चलाए, जिनमें शामिल हैं - जामनगर (गुजरात), सतना (मध्य प्रदेश), कोटा (राजस्थान), संगमनेर और रत्नागिरी (महाराष्ट्र), कन्याकुमारी (तमिलनाडु), गोकरना (कर्नाटक), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), भवानीपटना (ओडिशा), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) और गुरुग्राम (हरियाणा)।

इसके अलावा, भुवनेश्वर में ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की 11वीं और तिरुचिरापल्ली में 6वीं वर्षगांठ मनाई गई। एचएमएसआई ने दिल्ली ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में समर कैंप का आयोजन भी किया, जिसमें बच्चों को सुरक्षित ड्राइविंग, रोड सेफ्टी गेम्स और साइक्लिंग अभ्यास जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया।

सीएसआरः 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से शुरू हुए "पर्यावरण सप्ताह 2025" के तहत एचएमएसआई ने पूरे देश में अपने डीलरशिप और सर्विस नेटवर्क के जरिए कई सस्टेनेबिलिटी गतिविधियां चलाईं। इसमें ग्राहकों को पौधे वितरित करना, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान और विभिन्न शहरों में वृक्षारोपण जैसे कार्य शामिल थे।

# वोल्ट एनर्जी ने डेको ग्रुप को 300 किलोवाट की रूफटॉप सोलर से ऊर्जा दी

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो



**सोनीपत, 03 जुलाई।** स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा को बढ़ावा देने के प्रयास में, वोल्ट एनर्जी (वोल्ट कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड), जो भारत की उभरती हुई क्लीन-टेक कंपनियों में से एक है, ने डेको ग्रुप के कुंडली, सोनीपत (हरियाणा) स्थित प्लांट में 300 किलोवाट की रूफटॉप सोलर परियोजना को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। डेको ग्रुप उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में अग्रणी है। इस परियोजना की मदद से कंपनी की बिजली ग्रिड पर निर्भरता में 25% की कमी आई है, जो उसके पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासनिक लक्ष्यों को मजबूत करती है।

यह सोलर प्लांट 30,000 वर्ग फुट की छत पर फैला है और सालाना लगभग 3.67 लाख यूनिट (द्मड्ढद्ध) स्वच्छ बिजली उत्पन्न करेगा। यह हर साल 400 मीट्रिक टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को रोकने के बराबर है - यानी लगभग 6,000 पेड़ लगाने या 90 कारों को सड़क से हटाने जितना असर।

यह परियोजना रूफटॉप सोलर जैसी वितरित ऊर्जा संसाधनों की शक्ति का एक बेहतरीन उदाहरण है, वोल्ट एनर्जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और संस्थापक श्री ऋषभ देव बजाज ने कहा। "हमने डेको ग्रुप के इस बड़े औद्योगिक रूफटॉप क्षेत्र का उपयोग करके एक एक अप्रयुक्त स्थान को ऊर्जा पैदा करने वाले साधन में बदल दिया है, जिससे सीधे तौर पर जलवायु संरक्षण और लंबे समय में लागत की बचत में मदद मिल रही है। हमें विश्वास है कि वोल्ट, कंपनियों के लिए बिना किसी तकनीकी या वित्तीय जोखिम के सोलर पर जाना आसान बनाता है, और हमें गर्व है कि हमने इस परियोजना के लिए डेको ग्रुप के साथ साझेदारी की है।

डेको ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री अतुल जैन ने कहा, हमारी ऊर्जा लागत घटी है और हमारा ईएसजी स्कोर बेहतर हुआ है। सोलर, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) और वर्चुअल पावर प्लांट्स (VPPs) जैसे नवाचार ही भविष्य की कुशल मैन्युफैक्चरिंग का रास्ता हैं। वोल्ट एनर्जी ने अपने सशक्त पीपीए मॉडल और बेहतरीन सेवा के जरिए हमारे लिए स्वच्छ ऊर्जा की ओर जाना आसान और प्रभावशाली बना दिया।

# फतेहाबाद पुलिस का मिशनः नशे के खिलाफ जागरूकता और उपचार एक साथ

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर



**फतेहाबाद, 03 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत फतेहाबाद पुलिस लगातार समाज के विभिन्न वर्गों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में, एएसआई सुंदर के कुशल नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने अशोक नगर (फतेहाबाद), गांव बरसींन तथा रतिया क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया।इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें सही मार्गदर्शन और उपचार की दिशा में प्रेरित करना है। अभियान के दौरान टीम ने समुदाय से संवाद कर नशे से जुड़ी समस्याओं की गंभीरता को समझा और लोगों को इससे उबरने के लिए प्रोत्साहित किया।

अभियान के तहत कुल 06 नए नशा पीड़ितों की पहचान की गई, जबकि 10 पूर्व से उपचाराधीन पीड़ितों को फॉलो-अप काउंसलिंग दी गई। सभी पीड़ितों को विशेषज्ञों द्वारा परामर्श देने के साथ-साथ होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। इन दवाओं का वितरण उनके स्वास्थ्य सुधार को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिससे वे नशे की लत से स्थायी रूप से मुक्ति पा सकें।

इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि वे अपने आस-पास नशे की चपेट में आए युवाओं या किसी भी व्यक्ति को छुपाएं नहीं, बल्कि पुलिस या नशा मुक्ति टीम से संपर्क कर उन्हें उपचार की दिशा में प्रेरित करें।

फतेहाबाद पुलिस का यह प्रयास समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है और यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज को सुरक्षित और स्वस्थ बनाना भी है।

## एसडीएम ने समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों की सुनवाई कर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर

**रतिया, 03 जुलाई।** उपमंडलाधीश सुरेश कुमार ने कहा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना प्रदेश की नायब सैनी सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का निपटान करने के लिए सप्ताह में दो दिन उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे शिकायतकर्त्ताओं को संतुष्ट करके ही घर वापिस भेजे। शिविर में 7 फरियादी अपनी शिकायत दर्ज करवाने आए। एसडीएम सुरेश कुमार ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आमजन की शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारी जन शिकायतें सुनते समय सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए शिकायतों का निवारण करवाएं। उन्होंने बताया कि जन समस्याओं का समाधान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाधान शिविरों का उद्देश्य ही जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निवारण करवाना है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे समाधान शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं का निपटान करवाएं।

## लोहारू पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, 12 वाहनों का किया चालान

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 03 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह के निर्देशानुसार लोहारू पुलिस द्वारा वीरवार सुबह सात बजे से साढ़े 10 बजे तक लोहारू में सड़क सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया तथा वाहनों की जांच की गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान एसआई लाल सिंह व उनकी टीम ने वाहनों की जांच की। इस दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 12 वाहनों के चालान किए। पुलिस ने अभियान के तहत गलत दिशा में ड्राइविंग करने, ओवरस्पीड, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग न करने सहित यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई तथा चेतावनी भी दी गई। वहीं दूसरी ओर पुलिस की जांच अभियान की सूचना मिलते ही दुपहिया वाहन चालक पतली गलियों से खिसकते नजर आए। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए अभियान चलाया गया है तथा वाहन के दस्तावेज पूरे न मिलने, यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों का चालान किया गया है। वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें हिदायत भी दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन का प्रयोग न करने दे अन्यथा वाहन को इंपाउंड किया जाएगा।

## अस्पताल में लगे दो कर्मचारी, भ्रूण लिंग जांच मामले में गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/अनिल दत्ता**

**अंबाला, 03 जुलाई।** घर को लगी आग घर के चिराग से। जिस भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने के लिए हरियाणा सरकार ने सूचना देने वाले को हज़ारों रुपए इनाम देने का एलान किया था और कई लोगो को इनाम मिले भी लेकिन आज आलम यह है कि वुभाग के आने कर्मचारियों की मिलीभगत ही इस काम में पलीता लगा रहा है आज गुरुवार को ऐसा ही मामला अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल से सामने आया है जहां पर अस्पताल में एचकेआरएन के तहत तैनात सागर नाम के कर्मचारियों ने अपने साथी रज्जी के साथ मिलकर भ्रूण जांच की कहानी लिख डाली लेकिन वह इस बात से बेखबर था कि वह अधिकारियों की नजर पड़ते ही उस का भंडाफोड़ हो जाएगा मिली जानकारी के मुताबिक कुरुक्षेत्र की टीम को सागर द्वारा भ्रूण लिंग जांच करवाने के मामले में जानकारी मिली थी।उस सूचना के आधार पर आज कुरुक्षेत्र की टीम ने अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में चाप मारा और उस को रंगे हाथों दबोच लिया। पीएनडीटी अंबाला टीम के इंचार्ज विपिन भंडारी ने मीडिया को बताया कि कुरुक्षेत्र की रहने वाली एक महिला को सागर और उसके दोस्त रज्जी ने बताया कि वह भ्रूण लिंग जांच करके बता देंगे कि उसके पेट में पल रहा बच्चा लड़का है या लड़की नतीजतन आज उक्त महिला अंबाला छावनी आन पहुंची।बड़ी बात यह कि इस मामले की सूचना अंबाला टीम को भी दे दी गई। इस टीम ने भ्रूण लिंग जांच करते हुए इन दोनो को 60000 नगद पैसों के साथ दबिश लिया है। बताया गया कि आरोपी सागर अंबाला कैंट के एचकेआरएन के तहत काम करता है ।वह अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में ओपीडी में तैनात है । दूसरा आरोपी रज्जी इसका दोस्त है । इन दोनों से 60000 की रिकवरी हुई है। इस मामले में एफआईआर दर्ज करवा दी गई है।

## भाजपा कर रही है प्रदेश का एक समान विकास: प्रदीप मिश्रा

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 03 जुलाई।** जब से केन्द्र व प्रदेश में भाजपा ने सत्ता संभाली है तब से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। प्रदेश में भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक समान विकास कार्य करवा रही है। यह बात भाजपा नेता समाजसेवी प्रदीप मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि उपायुक्त महावीर कौशिक की सेवानिवृत पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनका नाम गलती से इनेलो नेता लिखा गया था। इनेलो से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश में अनेक प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जा रहा है। जिसका सीधा फायदा जनता को मिल रहा है।

## लाडी बाठ अपने नए गाने "चांदी दियाँ झांझरा" से श्रोताओं को फिर करेंगे रोमांचित



**हरियाणा वाटिका/प्रवीण कुमार**

**चंडीगढ़, 03 जुलाई।** अपने गीतों "वन पेग मोर" और "जान" से गीत प्रेमियों में धाक जमा चुके विख्यात गायक लाडी बाठ अपने नए गाने "चांदी दियाँ झांझरा" से श्रोताओं को फिर से रोमांचित करने जा रहे हैं। उनका यह गीत 4 जुलाई 2025 को रिलीज होने जा रहा है।

चंडीगढ प्रेस क्लब में पत्रकारों से अपने नए गाने और अपने गायकी के सफर पर बोलते हुए लाडी बाठ ने बताया कि वो पिछले 20 साल से पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े हुए है। उनके गाए गीतों में से "वन पेग मोर" और "जान" ने गीत प्रेमियों में विशेष जगह पाई थी। इसी दौरान उन्होंने कुछ समय के लिए इंडस्ट्री से ब्रेक लिया और अब फिर वो अपने नए गाने "चांदी दियाँ झांझरा" से गीत प्रेमियों से जुडने जा रहे हैं, जोकि निश्चित तौर पर संगीत प्रेमियों को रोमांचित करेगा। लाडी बाठ ने बताया कि यह एक रोमांटिक बीट सांग है और इसका म्यूजिक दोपेपेज ने दिया है और इस गीत के बोल राहुल गिल के हैं। इसके वीडियो डायरेक्टर फिलिप, कोरियोग्राफर राजिंदर आर जे, कैमरामैन शैली धीमान, एडिटर मोंटी है, जबकि गीत के प्रोमोशन की जिम्मेदारी गोल्ड माइन्स ने संभाली है। तीन मिनट के इस गीत का वीडियो शूट पंजाब की चुनिंदा लोकेशन पर किया गया है। गाने में अमृता अम्में फीमेल मॉडल हैं।

**व्यवस्था के नाम पर** रेलवे द्वारा हर वर्ष की जाती है महज औपचारिकता

# बरसाती सीलन व जलभराव के चलते कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकते है रेलवे अंडरब्रिज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**





**सतनाली, 03 जुलाई।** सतनाली क्षेत्र में रेलवे द्वारा बनाए गए अंडरब्रिज बरसात के कारण जलभराव होने के बाद से सीलन की चपेट में है तथा इसकी दीवारों में आई सीलन व दरारों के कारण ये अंडरपास यहां से गुजरने वाले वाहनचालकों व लोगों के लिए किसी भी समय हादसें का सबब बन सकते है। भविष्य में यदि समय रहते अंडरब्रिज की दीवारों की मरम्मत व यहां से जलनिकासी की उचित व स्थाई व्यवस्था नहीं की गई तो यह किसी बड़े हादसे का भी सबब बन सकते है। सतनाली-दादरी मुख्य मार्ग, सतनाली-बाढड़ा मुख्य मार्ग व सतनाली-लोहारू मुख्य मार्ग पर बने अंडरब्रिज में बरसात के बाद दो से तीन दिन तक पानी खड़ा रहता है तथा इस कारण इसमें सीलन आ जाती है। अंडरब्रिज निर्माण के दौरान पानी की निकासी के लिए बनाए गए कुएं में पानी कम खाली ज्यादा नजर आ रहे है। बरसात के समय अंडरब्रिज के पानी को कम करने के लिए बनाए गए कुएं में पानी सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है तथा अंडरपास की नींव में ही पानी जमा हो रहा है। ऐसे में पूरा अंडरपास बरसाती सीलन की चपेट में है। ट्रेनों के गुजरने के समय यहां हालात ऐसे हो जाती है कि पूरा अंडरब्रिज थर थर के कंपन से कांपने लगता है। यहां से गुजरने वाले वाहनचालक व लोग ट्रेन के गुजरते समय इसके नीचे से जाना तक मुनासिब नहीं समझ रहे है। लोगों का कहना है कि एक तो अंडरब्रिज की दीवारों में दरारें, दूसरी ओर पूरे अंडरब्रिज में आई सीलन व अंडरब्रिज के नीचे बनी सड़क क्षतिग्रस्त होने से यह कभी भी गिर सकता है। अंडरब्रिज के जोड अपना स्थान छोड चुके है। बरसात के दौरान ऊपर से भी पानी टपकता है तो नीचे भी जमा हो जाता है। ठेकेदार द्वारा अंडरब्रिज के नीचे से बनाई गई सड़क भी टूट चुकी है तथा इसमें गड्ढे भी बन गए है। ऐसे में लोग व वाहनचालक कोई रिस्क नहीं उठाना चाहते है। ध्यान रहे कि रेलवे द्वारा रेलवे अंडरपास के निर्माण कार्य के दौरान संबंधित ठेकेदारों द्वारा जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई जिस कारण यहां हल्की बरसात के कारण ही बरसाती पानी जमा हो जाता है जो निकासी के अभाव में दो से तीन दिन तक अंडरपास के नीचे ही खड़ा रहता है। हालात तालाब का रूप बयां करने लगते है। रेलवे की ओर से इन अंडर ब्रिज की स्थिति पर बोलने के लिए कोई भी तैयार नहीं है तथा ऐसे में अंडरब्रिज न केवल परेशानी बल्कि दुपहिया वाहन चालकों के लिए तो हादसों को भी न्योता दे रहे है। अंडरपास पर पानी की निकासी के प्रबंध न होने पर गत वर्ष की बरसात में अंडर ब्रिज से गुजरते समय करीब दो दर्जन से अधिक वाहन खराब हो गए थे। वहीं पिछले सप्ताह बरसात के बाद भी अंडरब्रिज के हालात विकट हो गए थे। हालांकि रेलवे द्वारा समय-समय पर यहां से पानी निकासी के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर पल्ला झाड़ लिया जाता है जिससे भ्रष्टाचार की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। लोगों का कहना है कि रेलवे द्वारा इनके निर्माण पर ठेकेदारों के माध्यम से भारी भरकम बजट खर्च किया था लेकिन इनकी स्थिति देखकर ऐसा लगता है जैसे ठेकेदार ने केवल औपचारिकता पूरी की है तथा यहां पर किसी प्रकार के कोई प्रबंध नहीं किए है। उन्होंने रेलवे से मांग की है कि इन अंडर ब्रिज पर जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए व इनकी स्थिति में सुधार किया जाए ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

**आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा:** केंद्रीय मंत्रिमंडल के ऐतिहासिक फैसलों पर उद्योग जगत उत्साहित

## केंद्रीय सरकार की आरडीआई व ईएलआई योजना से आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को मिलेगी तेज गति: विनोद बापना

**जतिन/राजा**




**गुरूग्राम, 03 जुलाई।** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा हाल ही में अनुमोदित एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना तथा 99 हजार 446 करोड़ रुपये की रोजगार-लिंक्ड प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना ने देश में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को एक नई गति देने की उम्मीद जगाई है। उद्योग जगत ने भी इन दूरदर्शी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। सीआईआई गुरुग्राम जोन के चेयरमैन और कैपेरो मारुति के सीईओ विनोद बापना ने इन योजनाओं के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा ये निर्णय भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ हैं। विनोद बापना ने कहा कि ये योजनाएं भारत को विनिर्माण और नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेंगी। निवेश, रोजगार और नवाचार के इस संगम से, भारत तीव्र और समावेशी आर्थिक विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आरडीआई योजना नवाचार को बढ़ावा देगी, जिससे नए उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं का विकास होगा। यह हमारी कंपनियों को वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा और उच्च-मूल्य वाले रोजगार के अवसर पैदा करेगा। बापना ने ईएलआई योजना की भी सराहना की, जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन को सीधे प्रोत्साहन देना है। उन्होंने कहा कि ईएलआई योजना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह न केवल उद्योगों को अपना विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी बल्कि कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के नए रास्ते भी खोलेगी। यह हमारे युवाओं के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

सीआईआई गुरुग्राम जोन के चेयरमैन और कैपेरो मारुति के सीईओ विनोद बापना ने कहा कि इन दोनों योजनाओं को एक साथ देखने पर यह स्पष्ट है कि सरकार का लक्ष्य एक आत्मनिर्भर और नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। आरडीआई योजना भारतीय उद्योगों को अनुसंधान और विकास में भारी निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जिससे उन्हें अत्याधुनिक तकनीक अपनाने और वैश्विक बाजार में अग्रणी बनने में मदद मिलेगी। वहीं ईएलआई योजना यह सुनिश्चित करेगी कि आर्थिक विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे, विशेष रूप से उन लोगों तक जिन्हें रोजगार के अवसरों की सबसे अधिक आवश्यकता है।

## अभिजीत और वरुण की आवाज़ में 'माही मेरेया' गाना प्यार की गहराई को दर्शाता है

### माही मेरेया में शाश्वत प्रेम की मौन शक्ति का चित्रण है, जो सोलमेट्स में पाया जाता है

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 03 जुलाई।** हाई-ऑक्टेन बीट्स और टूटे दिल के गानों के बीच, अभिजीत श्रीवास्तव और वरुण जैन का "माही मेरेया" एक कोमल, शांति देने वाला गीत है। इसमें दर्शाया गया है कि प्यार का वास्तविक एहसास कैसा होता है। यह स्थिर, सुरक्षित और व्यक्तिगत होता है। हृदयस्पर्शी बोल और कोमल धुनों से बना यह गीत उस पल को कैद करता है जब प्यार शांत, भावपूर्ण और अंतरंग महसूस होता है जैसे आप अंत में अपने घर पहुँच गए हों।




यह गाना संगीत उद्योग के सबसे बेहतर गायकों में से एक, वरुण जैन द्वारा सुपर टैलेंटेड संगीतकार अभिजीत श्रीवास्तव के साथ बनाया गया है। इसके बोल शायरा अपूर्वा ने लिखे हैं। "माही मेरेया" एक मधुर आलिंगन है, जिसे हिंदी और पंजाबी में गाया गया है। यह शाश्वत प्रेम कहानी के लिए लिखे गए रिश्ते का सार पेश करता है। इसकी हर धुन स्वाभाविक, शुद्ध और बहुमूल्य महसूस होती है।"

गायक वरुण जैन ने कहा, "अभिजीत और मैं कुछ ऐसा बनाना चाहते थे, जो यह प्रदर्शित कर सके कि किसी को अपने हृदय और आत्मा से प्यार करने का मतलब क्या होता है। माही मेरेया उन सभी के लिए है, जिन्होंने बिना तर्क के प्यार किया है। मुझे उम्मीद है कि यह गीत हर श्रोता को पसंद आएगा। इसे उतना ही प्यार व स्नेह मिलेगा, जितना प्यार और स्नेह मेरे पिछले गीतों को मिला है।"

संगीतकार अभिजीत श्रीवास्तव ने कहा, "हम हमेशा से कुछ अंतरंग बनाना चाहते थे, एक ऐसी धुन जो मन की हलचल शांत कर दे, जो सुनकर आपको घर जैसा सुकून महसूस हो। हमने इसे सरल, अनछुआ और वास्तविक रखा। माही मेरेया बैकग्राउंड में बजने वाला वो गाना है, जो तब बजता है जब आप अपने जीवनसाथी को दिल की आँखों से देखते हैं। हमें उम्मीद है कि माही मेरेया सुनकर लोग प्यार के खूबसूरत, दैनिक अनुभवों से जुड़ा हुआ महसूस करेंगे।"

## जयराम गुर्जर ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 03 जुलाई।** नई दिल्ली में आयोजित मि. इंडिया पावर लिफ्टिंग में गांव भंबूर निवासी जयराम गुर्जर ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया।

कोच आकाश राव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। जयराम गुर्जर ने इस प्रतियोगिता में पहली बार प्रतिभागिता करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन से गोल्ड मेडल जीतकर अभिभावकों के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। कोच आकाश बताया कि जयराम काफी समय से पीआर फिटनेस पर उनके पास प्रशिक्षण ले रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें जयराम गुर्जर की सफलता पर गर्व है और उम्मीद है कि वो भविष्य में बहुत आगे जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल के प्रति जयराम का खेल के प्रति समर्पण भाव ही उसकी सफलता का असली राज है। जयराम ने अपनी सफलता का श्रेय अभिभावकों के प्रोत्साहन, अपनी मेहनत व कोच आकाश राव के मार्गदर्शन को दिया।

## पात्र पिछड़ा वर्ग परिवार को शगुन के रूप में मिलेंगे 51 हजार रुपये: जांबा

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**



**कैथल, 03 जुलाई।** विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को लेकर एक और सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में 10 हजार रुपये की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है।

विधायक ने कहा कि जल्द ही पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे पहले यह राशि 41 हजार रुपये है। उनके इस निर्णय से 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है।

इसके अलावा इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को पहले ही 71 हजार रुपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। सभी वर्गों की विधवा तथा निराश्रित लड़कियों को `(जिनके परिवार की सालाना आय 1.80 हजार रुपये से कम हो) को भी 51 हजार रुपये की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51 हजार रुपये की सहायता राशि मिलती है। सभी वर्गो को जिनकी सालाना आय 1.80 रुपये से कम है, उनकी लड़की की शादी में तथा सभी महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वयं की शादी के लिए और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो - को 41 हजार रुपये की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाती है।

**सांसद पुत्र मोहित चौधरी** ने सतनाली खंड के दर्जनों गांवों में किया जनसंपर्क

## केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियां हर वर्ग के हित में, भाजपा के 11 साल कांग्रेस के 70 साल पर भारी: मोहित चौधरी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**सतनाली, 03 जुलाई।** युवा भाजपा नेता व सांसद धर्मबीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी ने वीरवार को सतनाली खंड के दर्जनों गांवों का दौरा किया तथा ग्रामीणों से संवाद करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए आमजन को जानकारी दी। युवा नेता मोहित चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी तथा संबंधित विभाग के मंत्रियों व मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने का वादा किया। मोहित चौधरी ने कहा कि विकास के मामले में भाजपा के 11 साल कांग्रेस के 70 सालों पर भारी हैं। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। कांग्रेस ने सदैव पूंजीवाद, भाई भतीजावाद व क्षेत्रवाद को बढ़ावा दिया है तथा जनहितों से कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बिना खर्ची और बिना पर्ची तथा योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान करने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। बुधवार को ही सरकार द्वारा ग्रुप डी के करीब साढ़े सात हजार पदों का परिणाम घोषित कर युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। वहीं हजारों पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से आज हर वर्ग खुश है। बीते 11 वर्षों में केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मोहित चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत देश तेज गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र सरकार ने अपने 11 वर्ष के शासनकाल में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने का काम किया है। भाजपा ने नीति बनाकर देशहित में काम किया है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में वृद्धि, आर्थिक मजबूती, डिजिटल भारत, सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत संरचना के विस्तार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को रेखांकित किया है। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने गांव श्यामपुरा, ढाणी कुम्हारान, जवाहर नगर, पथरवा, नंगला, बास, सुरेहती, डालनवास, गादड़वास व माधोगढ़ का दौरा किया। इस दौरान एडवोकेट बलबीर सिंह शेखावत, योगेश शास्त्री, रवि शेखावत जड़वा सहित अनेक कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे।

# सेक्टर 23 में चलाया एक पेड़ गुरु जी के नाम वृक्षारोपण अभियान

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक



**भिवानी, 03 जुलाई।** श्री रामशरणम सोसाइटी सेक्टर 23 भिवानी द्वारा स्वामी डॉ विश्वामित्र के निर्वाण दिवस पर एक पेड़ गुरु जी के नाम से वृक्षारोपण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। सेक्टर 23 स्थित ग्रीन बेल्ट पार्क में श्री राम शरणम् के सामने श्रद्धापूर्वक वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत आश्रम परिसर में सामूहिक राम नाम जाप से की गई। इसके पश्चात श्रद्धांजलि स्वरूप नीम, पीपल, बरगद(त्रिवेणी) आम, जामुन, अशोक, अमलतास आदि 70 सामान्य व छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत ने इस पुनीत प्रयास की सराहना करते हुए बताया पर्यावरण संरक्षण मुहिम के अंतर्गत गुरु स्मृति में वृक्षारोपण से संबंधित यह पहल अत्यंत प्रेरणादायी है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारे डॉ रूपेंद्र रंगा, जवाहर मिताथल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना रहा जो कि वर्तमान एवं आने वाले समय के संदर्भ में अनुकरणीय है
विद्यालय प्राचार्य विमलेश आर्य एवं माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग ने बताया हलवासिया विद्या विहार विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण की भावना केवल एक अभियान नहीं, अपितु एक संस्कार है। विद्यालय के पूर्व प्रशासक दीवान चंद रहेजा ने वृक्षारोपण को अपना कर्तव्य समझते हुए विद्यालय परिसर को हरियाली से समृद्ध किया। उनका वृक्षों के प्रति समर्पण, संवेदनशीलता एवं हरियाली से प्रेम आज भी विद्यालय की पहचान बना हुआ है। इसी परंपरा को जीवित रखते हुए वर्तमान प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत न केवल उन वृक्षों की नियमित देखभाल करवा रहे हैं, बल्कि नए पौधारोपण को भी प्रोत्साहित कर शिक्षकों एवं छात्रों को जागरुक कर रहे हैं। इस अवसर पर जवाहर मिताथल, दीवान चंद रहेजा, विमलेश आर्य, के.के. वर्मा, शशि अग्रवाल, सुनीलअग्रवाल, डॉ. रूपेंद्र रंगा, करतार सैनी, श्याम सैनी, पी.पी. पूर्व आयकर अधिकारी सतबीर रंगा पी पी महता, संदीप वधवा, मनीष कुमार, विवेक चौधरी, सुनील शर्मा, कैलाश रहेजा, हीना वाधवा कुमारी सुनील, रेखा ढिल्लों आदि गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# राज्य स्तरीय गुरु दक्ष प्रजापति जयंती का सभा ने दिया निमंत्रण



हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 03 जुलाई।** कुरुक्षेत्र प्रजापति धर्मशाला और बीपीएचओ कैथल जिले की संयुक्त टीम 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा को कुरुक्षेत्र में ओर 13 जुलाई को भिवानी में होने वाली राज्य स्तरीय गुरु दक्ष प्रजापति जयंती का निमंत्रण देने चीका में पहुंची। कुरुक्षेत्र प्रजापति धर्मशाला के प्रधान पवन कुमार कानूनगो और बीपीएचओ कैथल के शहरी जिलाध्यक्ष मनोज रामगढ़ ने बताया 13 जुलाई को भिवानी में राज्य स्तरीय जयंती बड़ी धूम धाम से मनाई जाएगी। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होगे और इसकी अध्यक्षता केबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा करेंगे। इस दौरान चीका हल्के के सभी गांवों के लिए प्रचार टीम का गठन किया गया, जो गांव गांव जाकर 13 जुलाई को होने वाली जयंती का प्रचार करेगी। प्रधान ने बताया कि 13 जुलाई को सुबह 5 बजे बस गुरु दक्ष प्रजापति चबूतरा चीका गांव से चलेगी, जिसमें सभी के लिए खाने पीने की व्यवस्था रहेगी। इस मौके कुरुक्षेत्र प्रजापति धर्मशाला के प्रधान पवन कुमार कानूनगो, पूर्व प्रधान भवानी दास, कैशियर हरिओम शोकल, बीपीएचओ कैथल के शहरी जिलाध्यक्ष मनोज रामगढ़, मामचंद, सुरेश कुमार, अशोक कुमार, कृष्ण कुमार, दिनेश मटोर, सुरेंद्र कुमार, ईश्वर चंद, पाला राम, बलजीत मास्टर, रोशन लाल, रमेश कुमार, जसमेर, रूलदू राम नंबरदार, महावीर प्रिंटिंग प्रेस, बीरा राम, बलबीर, बलकार, करम सिंह, जयभगवान, रामधारी, शेरा राम, रामकुमार मटोर व समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# हाथ धोने से बच सकते हैं कई बीमारियों से: प्रदीप शर्मा




हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 03 जुलाई।** नगर परिषद थानेसर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि नगर परिषद थानेसर की सफाई की टीम द्वारा सेक्टर 13 डीएवी स्कूल में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि हाथ धोने से किन-किन बीमारियों से बचा जा सकता है और किस प्रकार से हम स्वस्थ रह सकते हैं। नगर परिषद थानेसर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि सुबह वॉशरूम यूज करने के बाद बच्चों को अपने हाथ करीब 20 सेकंड तक धोने चाहिए। यदि हम स्वच्छ होंगे तो हमारा आज पड़ोस भी स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि बड़ों के साथ साथ छोटे बच्चे के हाथ स्वच्छ रखना सबसे ज्यादा जरूरी है,क्योंकि अक्सर छोटे बच्चे इधर-उधर हाथ मारते रहते हैं जिससे कई प्रकार के फंगस और कीटाणु हाथों के जरिए उनके मुंह में चले जाते हैं जोकि बीमारियों का कारण बनते हैं। फील्ड अधिकारी अनूप सिंह ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि जब आप अपने पालतू पशु के साथ खेलते हैं या पार्क में जाते हैं या अस्पताल में भर्ती अपने किसी सगे संबंधी से मिलने के लिए जाते हैं तो वहां पर कई प्रकार के कीटाणु होते हैं जो आपके हाथों के माध्यम से पेट के अंदर जाकर आपको बीमार कर सकते हैं। इसलिए जब भी आप बाहर से अपने घर आए तो अपने हाथ साबुन या सैनिटाइजर से जरूर साफ करें।

# जल संरक्षण और पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए चलाया विशेष जागरूकता अभियान



हरियाणा वाटिका/एकजोत

**कुरुक्षेत्र, 03 जुलाई।** जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने कहा कि ग्राम पंचायत खेड़ी मारकंडा खंड पिपली में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में गांव के जल घरों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों व घर-घर में जाकर जल संरक्षण और पानी की गुणवत्ता जांच को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को स्वच्छ पेयजल के महत्व से अवगत कराया और जल स्रोतों के संरक्षण के उपायों के बारे में जागरूक करना है। जिला केमिस्ट निशा सैनी व जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने कहा कि जल का संरक्षण न केवल पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह स्वास्थ्य और कृषि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही, स्थानीय जल स्रोतों से जल के नमूने लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच की गई और जांच परिणामों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इसके लिए लैब अटेंडेंट ने जलघर व घरों से पानी के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता अभियान में ग्रामीणों से जल संरक्षण हेतु जल पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन आदि के महत्व पर चर्चा की गई, ग्रामीणों को घरेलू जल परीक्षण की विधियां सिखाई गई,जल स्रोतों की साफ-सफाई के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं की विशेष भागीदारी रही।

# एक पेड़ बेटी के नाम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाया गया व्यापक अभियान

## जिला भर की आंगनबाडियों मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत किये जा रहे पौधा रोपण

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक



**भिवानी, 03 जुलाई।** उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में और महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी वैशाली के नेतृत्व में हनुमान ढाणी आगनबाडी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक पेड़ बेटी के नाम तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया है। इस अवसर पर महिलाओं, किशोरियों, आशा वर्कर, आंगन बाड़ी केंद्र व स्वयं सेवी महिलाओं ने कार्यक्रम में शिरकत की।
सीडीपीओ किरण देवी, सुपरवाइजर प्रगति कुमारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दर्शना देवी व सामाजिक कार्यकर्ता अंजू शर्मा ने कहा कि बेटियों में नारी शक्ति का मान सम्मान बढ़ाने के लिए एक पेड़ बेटी के नाम लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा हर आंगनबाड़ी केंद्र में इस प्रकार काकार्यक्रम जारी है। उसी के तहत हनुमान ढाणी स्थित सैनी धर्मशाला में एक पेड़ बेटी के नाम लगाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज की संस्था द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान की ब्रांड एंबेसडर नव्या और आरोही ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत की और एक पेड़ बेटी के नाम के साथ-साथ एक पेड़ मां के नाम लगाया गया।
भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि बेटियों व माता के नाम से पौधारोपण किया जा रहा है। इस प्रकार के अभियान से बेटी व नारी शक्ति का सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन में उनकी संस्था हर घर हरियाली थीम 2025 के तहत एक पेड़ मां के नाम लगा रहे हैं तथा एक बेटी एक पेड़ मिशन के तहत 2025 पौधों का ओपन किया जा रहा है।
इस अवसर पर कार्यक्रम में सुपरवाइजर प्रगति कुमारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दर्शना देवी, आशा वर्कर ज्योति, हेल्पर उर्मिला देवी, सामाजिक कार्यकर्ता अंजू शर्मा, शिक्षाविद सुमित्रा देवी, पूनम, अंजलि देवी, कविता, शीतल, ज्योति, आशा रानी, मीना वर्मा, उषा देवी, ज्ञानदेवी, सारिका सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रही।

# चौ. बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, भिवानी में तीन वर्षीय 7 कोर्स में 360 सीटों के लिए दाखि़ला प्रक्रिया आरम्भ

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

**भिवानी, 03 जुलाई।** चौ. बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में तीन वर्ष के डिप्लोमा इंजीनियर और लेटरल एंट्री स्कीम में दाखिला प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। दाखि़ले के बारे में जानकारी देते हुए संस्थान की प्राचार्या डॉ गीता गुलिया ने बताया कि संस्थान में 07 विभिन्न कोर्सिस में 360 सीटों पर दाखिला किया जाना है, जो कि विभिन्न कैटेगरिज की मैरिट के आधार पर किया जाता है । उन्होंने बताया कि संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग , मैकेनिकल इंजीनियरिंग, फूड टेक्नोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी आदि विभागों में 60-60 सीटें भरी जानी हैं और फैशन डिज़ाइन तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग विभाग में 30 सीटें हैं ।
डॉ गुलिया ने यह भी बताया कि चौ. बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, भिवानी से तीन वर्ष का डिप्लोमा करने वाले अनेकों विद्यार्थी आज सरकारी और गैरसरकारी कम्पनियों में नौकरी कर रहे हैं । प्रतिवर्ष बड़ी-बडी कम्पनियाँ संस्थान में आकर कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव चलाती हैं जिसके माध्यम से युवा अपनी तकनीकी प्रतिभा के बल पर संस्थान का नाम रौशन कर रहे है ।
डॉ. गीता गुलिया ने बताया कि दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, लेटरल एंट्री के तहत दाखिले के लिए दसवीं के और 12वीं के सर्टीफ़िकेट और चरित्र प्रमाण पत्र स्कूल जहां से दसवीं पास की है, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की कॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो, आदि के साथ संस्थान की एडमिशन ब्रांच में सम्पर्क कर सकते हैं ।उन्होंने कहा कि संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों को विभिन्न प्रकार के स्कॉलरशिप के साथ-साथ लड़कियों की ट्यूशन फ़ीस माफ़ी की सुविधा भी है।

# प्रदेश में ग्रुप-डी का 2 साल से पेंडिंग रिजल्ट जारी

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 03 जुलाई। हरियाणा में बुधवार देर रात को ग्रुप-डी की भर्ती का रिजल्ट जारी किया गया। रात 10 बजकर10 मिनट पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि उन्हें यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि ग्रुप-डी के 7596 पदों का परिणाम आज आयोग की ओर से घोषित कर दिया गया है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अहम बात है कि आयोग ने 2023 में हुई परीक्षा का यह रिजल्ट जारी किया है। यह रिजल्ट आरक्षण और कुछ कोर्ट कारणों से अटका हुआ था। इसके साथ ही ये अभ्यर्थी भी उस लाइन में लग गए हैं, जिसमें पहले से ही खड़े हजारों सेलेक्टेड युवा विभागों में नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। इनका सिलेक्शन सैनी सरकार के पिछले टर्म में हुआ था।

# करनाल के कुंजपुरा गोदाम में 40 क्विंटल गेहूं घोटाला उजागर, इंचार्ज सस्पेंड, जांच रिपोर्ट चंडीगढ़ भेजी गई

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

करनाल, 03 जुलाई। करनाल के कुंजपुरा स्थित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सरकारी गोदाम में 40 क्विंटल गेहूं की गड़बड़ी उजागर हुई है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक की टीम द्वारा की गई जांच में स्टॉक में यह कमी पाई गई। टीम ने मंगलवार को जांच रिपोर्ट तैयार कर ली थी, जिसे अब चंडीगढ़ मुख्यालय भेजा जा चुका है। वहीं से इस मामले में अगली कार्रवाई तय होगी।

### लंबे समय से मिल रही थीं अनियमितताओं की शिकायतें

इस गोदाम को लेकर पहले से ही अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर विभाग ने जांच शुरू की थी। बीते शुक्रवार को हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने गोदाम का औचक निरीक्षण किया।

### मंत्री की नाराजगी और त्वरित कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान गोदाम की चाबी मौके पर मौजूद नहीं थी, जिससे मंत्री नाराज हो गए और वापस लौट गए। कुछ समय बाद वह पुन: गोदाम पहुंचे और स्वयं मौजूद रहकर कट्टों की गिनती व वजन की जांच के आदेश दिए। उन्होंने वीडियोग्राफी को अनिवार्य करते हुए, गोदाम इंचार्ज अशोक शर्मा को मौके पर ही निलंबित कर दिया।

### पहले भी विवादों में रहा है यह गोदाम

यह गोदाम पहले भी भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण सुर्खियों में रहा है। शिकायतकर्ता विकास शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि हजारों कट्टों की सिलाई अधूरी है, वजन मानकों से कम है और अनुमानित 4400 कट्टे कम हो सकते हैं। उन्होंने इस घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी।

### सस्पेंड इंचार्ज पर पहले भी लग चुके हैं आरोप

निलंबित किए गए इंचार्ज अशोक शर्मा पर पूर्व में भी रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। वह लगभग दो महीने जेल में भी रह चुके हैं, फिर भी उन्हें दोबारा उसी गोदाम में तैनात कर दिया गया था। अब एक बार फिर उनके खिलाफ गेहूं स्टॉक में गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं।

### डीएफएससी की रिपोर्ट तैयार, अगली कार्रवाई मुख्यालय से

जांच टीम प्रभारी और डीएफएससी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि मंत्री के निरीक्षण से पहले एक स्टैग की जांच पूरी हो चुकी थी। मंत्री के निर्देशों के बाद दो अन्य स्टैग की जांच की गई, जिसमें 40 क्विंटल गेहूं कम पाया गया। जांच रिपोर्ट चंडीगढ़ भेजी जा चुकी है, और अगली कार्रवाई अब वहीं से तय होगी।

### निगाहें मुख्यालय की कार्रवाई पर टिकीं

अब पूरा मामला चंडीगढ़ मुख्यालय के पाले में है। मंत्री के निर्देशों के बाद और भी अधिकारियों या कर्मचारियों के नाम जांच के दायरे में आ सकते हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अगला कदम अब उच्च स्तर से ही उठाया जाएगा।

# सीजेएम ने जेल में लगाई लोक अदालत और सेफ हाउस का किया औचक निरीक्षण

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

**भिवानी, 03 जुलाई।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीजेएम पवन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कारागार में लोक अदालत की आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में दो केसों में से एक केस का सीजेएम ने मौके पर ही निपटारा किया। सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि जेल में लोक अदालत को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना है। प्राधिकरण द्वारा हर महीने के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत एवं कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है ताकि कैदियों को विभिन्न प्रकार के कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी मिले सके। जेल लोक अदालत में केसों का मौके पर ही निपटारा किया जाता है। लोक अदालत उपरांत सीजेएम पवन कुमार ने जिला कारागार का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

# बस स्टैंडों पर खाली शेष बची दुकानों की खुली बोली आठ को

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

**भिवानी, 03 जुलाई।** हरियाणा राज्य परिवहन भिवानी व उसके अधीन सभी बस स्टेंडों पर खाली शेष बची दुकानों की खुली बोली आठ जुलाई को 11 बजे होगी। हरियाणा राज्य परिवहन भिवानी महाप्रबंधक दीपक कुंडू ने बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन भिवानी व उसके अधीन तोशाम, सिवानी, बवानीखेड़ा व लोहारू के बस स्टैंड पर खाली बची दुकाने व पार्किंग स्थान को वित्त वर्ष 2025 से 2028 तक किराये पर दिया जाएगा। इसके लिए खुली बोली आठ जुलाई को 11:00 बजे होगी। इच्छुक बोली दाता किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन भिवानी में बोली से पहले दुकानों आदि के विवरण बारे जानकारी प्राप्त कर सकता है।

# स्विमिंग प्रतियोगिता में छाए द आर्यन स्कूल के विद्यार्थी

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार



**सिरसा, 03 जुलाई।** जिला स्विमिंग चैंपियनशिप में द आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रिंसीपल श्वेता माहेश्वरी ने बताया कि स्विमिंग कोच कुसुम के मार्गदर्शन में स्कूल की छात्रा आरोही कक्षा (8वीं) ने रजत, अगम ने ग्रेड 5 में कांस्य पदक व कुंश ने ग्रेड 8 में कांस्य पदक जीतकर स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों का नाम रोशन किया। स्कूल डायरेक्टर अनिल गोयल, राकेश गोयल, चारू गोयल, स्पोर्ट्स अकेडमी ऑफ इंडिया के हैड अनिल चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रिंसीपल श्वेता माहेश्वरी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ स्पोर्ट्स अकेडमी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार बेहतर खेल सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि वे खेलों में भी अपना भविष्य स्वर्णिम बना सकें। उन्होंने कहा कि खेलों में भी करियर की अपार संभावनाएं हैं और विद्यार्थी खेलों में भी अपना भाग्य आजमाकर अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी छमाही बिक्री

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो




**हिसार, 03 जुलाई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपने 25 साल के सफर में अब तक की सबसे ज्यादा छमाही बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियाँ बेचने का नया रिकॉर्ड बनाया है। स्कोडा इस साल भारत में अपनी 25वीं और दुनिया भर में 130वीं वर्षगांठ मना रही है और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस उपलब्धि के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कि हमारी ऐतिहासिक अर्धवार्षिक बिक्री दिखाती है कि भारत में ग्राहकों ने स?कोडा के प्रोडक?ट्स एवं सेवाओं को मजबूती से अपनाया है। हमारे ग्राहक हर दिन अपने आसपास की दुनिया को एक?स?प?लोर करना पसंद करते हैं। हमारे पोर्टफोलियो में कायलैक को जोड़कर, हम अब 'हर किसी के लिए एक एसयूवी' एवं हमारी सेडान गाड़ियों के जरिये उनके सफर को और बेहतरीन बना रहे हैं। हमारा मकसद भारत में अपने उत?पादों, सेवाओं एवं टचप?वाइंट्स के साथ हमारे ग्राहकों के और करीब आना है। यह उपलब्धि हमें समय पर नए उत्पाद लाकर, अपनी गाड़ियों और सेवाओं को बेहतर बनाकर, और शानदार स्वामित्व अनुभव के साथ ग्राहकों का लगातार विश्वास जीतने पर फोकस करके प्रासंगिक बने रहने के लिए प्रोत?साहित करती है।
2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियां बेचकर कंपनी भारत में सात शीर्ष ऑटोमोटिव ब्रांड्स में शामिल हो गई है। 2024 की रैंकिंग से इसमें चार पायदान की छलांग देखने को मिली है। इसके अलावा, स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2022 की पिछली सर्वश्रेष्ठ अर्धवार्षिक बिक्री 28,899 गाड़ियां के आँकड़े को भी पार कर लिया है।
स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2025 की शुरुआत काइलैक के लॉन्च के साथ की, जो ग्राहकों के लिए इसका पहला 4 मीटर से छोटा एसयूवी है। यह गाड़ी स्कोडा परिवार में एक नया और किफायती विकल्प है, जो बड़े शहरों (टियर 1) में ब्रांड की पहुंच को बढ़ाने और छोटे शहरों (टियर 2 और 3) में विस्तार करने में मदद कर रहा है। इसके बाद दूसरी पीढ़ी का कोडिएक लग्जरी 4 बाय 4 लॉन्च किया गया। कुशाक के साथ, स्कोडा के पास अब देश भर में ग्राहकों की अलग-अलग परिवहन जरूरतों को पूरा करने के लिए एसयूवी की व?यापक रेंज है। स्कोडा स्लाविया सेडान के साथ अपनी सेडान गाड़ियों की परंपरा को भी मजबूत कर रहा है और जल्द ही भारत में एक विश्व प्रसिद्ध मॉडल लॉन्च करने वाला है। इसके अलावा, स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी सभी गाड़ियों में सबसे आधुनिक ऑटोमैटिक और डायरेक्ट इंजेक्शन टर्बोचार्ज्ड इंजन भी उपलब्ध कराता है। इससे ग्राहकों को गाड़ी चलाने का एक सुविधाजनक, आरामयदायक, सुरक्षित और आनंददायक अनुभव मिलता है।

# दीपिका पादुकोण ने रचा इतिहास...



दीपिका पादुकोण को 2026 में हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम में शामिल किया गया है, जिससे वह यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। बता दें कि उन्हें यह सम्मान मोशन पिक्चर कैटेगरी में दिया जाएगा।दीपिका पादुकोण को 2026 में हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम में शामिल किया गया है, जिससे वह यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। बता दें कि उन्हें यह सम्मान मोशन पिक्चर कैटेगरी में दिया जाएगा। हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बुधवार रात इस सूची की घोषणा की। अभिनेत्री ने भी इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आभार लिखा है।

दीपिका के साथ, इस सूची में एमिली ब्लंट, कोटिलार्ड, रेचल मैकएडम्स, फ्रेंको नीरो, टिमोथी चालमेट, रामी मालेक, स्टेनली टुकी, डेमी मूर और गॉर्डन रामसे जैसे अभिनेता भी शामिल हैं। 20 जून को 35 नामों का चयन किया गया और 25 जून को निदेशक मंडल ने इस सूची को मंजूरी दी।

दीपिका पादुकोण को 2018 में टाइम पत्रिका की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में भी शामिल किया गया था। वह ञ्जढ्ढरूश्व100 इम्पैक्ट अवार्ड की प्राप्तकर्ता भी थीं। कतर में फाइनल मैच में फीफा विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण करके वैश्विक हस्ती ने इतिहास रच दिया। अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों के अलावा, जैसा कि इतिहास के सुनहरे पन्नों में लिखा गया है, वह लुई वुइटन और कार्टियर के लिए वैश्विक लक्ज़री फैशन हाउस द्वारा हस्ताक्षरित पहली भारतीय बनीं। कान्स जूरी का सदस्य होना भी उनकी उपलब्धियों में से एक है।

2026 की कक्षा में जगह बनाने वाले अन्य लोगों में अभिनेता एमिली ब्लंट, रेचल मैकएडम्स, मौली रिंगवाल्ड, सारा मिशेल गेलर, रामी मालेक और नोआ वाइल शामिल हैं; पूर्व एनबीए स्टार से खेल विश्लेषक बने शैक्लिे ओ%नील; और गुड मॉर्निंग अमेरिका के सह-एंकर रॉबिन रॉबर्ट्स और जॉर्ज स्टेफानोपोलोस, जिनके लिए दोहरा समारोह होगा। इतालवी विशेष प्रभाव कलाकार कार्लो रामबाल्डी और निर्देशक टोनी स्कॉट को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा।दीपिका के नाम की घोषणा लाइव स्ट्रीम पर की गई। वह यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री हैं। उन्होंने विन डीजल के साथ ट्रीपल एक्स रिटर्न ऑफ़ ज़ेंडर केज से हॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। यह फिल्म 2017 में रिलीज़ हुई थी।

दीपिका और उनके पति रणवीर सिंह ने 8 सितंबर, 2024 को अपनी बेटी का स्वागत किया। इस जोड़े ने 2018 में शादी की थी। पिछली दिवाली पर, उन्होंने अपनी बेटी को दुनिया के सामने पेश किया, उसका नाम दुआ पादुकोण सिंह बताया, साथ ही एक सार्थक संदेश भी दिया। जोड़े ने लिखा, दुआ- जिसका अर्थ है प्रार्थना। क्योंकि वह हमारी प्रार्थनाओं का जवाब है। हमारे दिल प्यार और कृतज्ञता से भरे हुए हैं।

# कार्तक आर्यन और श्रीलीला की लेटेस्ट आउटिंग के बाद दोनों के रिलेशनशिप में होने की अफवाहों ने पकड़ा जोर




कार्तिक और श्रीलीला को कल रात बांद्रा के एक रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए देखा गया। अभिनेत्री फ्लोरल आउटफिट में दिखीं, जबकि अभिनेता ने नीली शर्ट और काली पैंट पहनी हुई थी। श्रीलीला ने कैमरों के सामने तस्वीरें खिंचवाईं, लेकिन कार्तिक ने उनसे दूरी बनाए रखी। कार्तिक और श्रीलीला को एक साथ देखा गया, फिर भी उन्होंने तस्वीरों के लिए एक साथ पोज देने से परहेज किया।

अभिनेता कार्तिक आर्यन और साउथ सुंदरी श्रीलीला की डेटिंग की अफवाहें लंबे समय से बॉलीवुड गलियारों में गूंज रही है। वैसे तो दोनों अनुराग बसु की आने वाली फिल्म में साथ काम कर रहे हैं, लेकिन खबर है कि साथ काम करते-करते दोनों प्यार में पड़ गए हैं। बीती रात दोनों को बांद्रा के एक ही रेस्टोरेंट में स्पॉट किया गया। दोनों ने भले ही रेस्टोरेंट में साथ एंट्री या एग्जिट ना किया हो, लेकिन डेटिंग की अफवाहों को आग जरूर मिल गई है।

कार्तिक और श्रीलीला को कल रात बांद्रा के एक रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए देखा गया। अभिनेत्री फ्लोरल आउटफिट में दिखीं, जबकि अभिनेता ने नीली शर्ट और काली पैंट पहनी हुई थी। श्रीलीला ने कैमरों के सामने तस्वीरें खिंचवाईं, लेकिन कार्तिक ने उनसे दूरी बनाए रखी। कार्तिक और श्रीलीला को एक साथ देखा गया, फिर भी उन्होंने तस्वीरों के लिए एक साथ पोज देने से परहेज किया। वे एक साथ बाहर भी नहीं निकले। पहले श्रीलीला वहां से चली गईं और फिर कार्तिक रेस्तरां से बाहर निकले।

कार्तिक आर्यन और साउथ की एक्ट्रेस श्रीलीला के डेटिंग की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। ये अफवाहें तब और तेज हो गईं जब दोनों को अनुराग बसु की आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म की शूटिंग के दौरान और उसके बाहर भी साथ देखा गया। हाल ही में उन्हें मुंबई में डिनर करते हुए भी स्पॉट किया गया, जिससे अटकलें और बढ़ गईं। कार्तिक आर्यन द्वारा श्रीलीला के जन्मदिन पर एक चुलबुला पोस्ट शेयर करना और उनकी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री भी इन अफवाहों को हवा दे रही है। इसके अलावा, कार्तिक की मां की डॉक्टर बहू वाली टिप्पणी को भी कुछ लोगों ने श्रीलीला से जोड़ा। हालांकि, दोनों अभिनेताओं ने अभी तक अपने रिश्ते की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन फैंस उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के साथ-साथ उनके ऑफ-स्क्रीन रिश्ते पर भी नज़र रख रहे हैं।

# फास्ट एण्ड फ्यूरियस की आखिरी फिल्म में ब्रायन ओ-कॉनर को फिर से बड़े पर्दें पर लाएंगे विन डिजल



हाल ही में, फिल्म के सबसे बडे स्टार विन डीजल ने बताया है कि उन्होंने %फास्ट एंड फ्यूरियस% की आखिरी फिल्म के लिए तीन बडी शर्तें रखी हैं। इनमें से सबसे खास और दिल को छू लेने वाली शर्त यह है कि उनके किरदार डोमिनिक टोरेटो को ब्रायन ओ%कॉनर के साथ दोबारा जोडा जाए। यह सुनकर पुराने फैंस की आंखें जरूर नम हो जाएंगी। फास्ट एंड फ्यूरियस फिल्मों के फैंस के लिए एक बहुत बडी और भावुक खबर है! लगता है कि इस धमाकेदार फ्रेंचाइजी की आखिरी फिल्म में हमें पॉल वॉकर का प्यारा किरदार ब्रायन ओ%कॉनर एक बार फिर देखने को मिल सकता है।हाल ही में, फिल्म के सबसे बडे स्टार विन डीजल ने बताया है कि उन्होंने %फास्ट एंड फ्यूरियस% की आखिरी फिल्म के लिए तीन बडी शर्तें रखी हैं। इनमें से सबसे खास और दिल को छू लेने वाली शर्त यह है कि उनके किरदार डोमिनिक टोरेटो को ब्रायन ओ%कॉनर के साथ दोबारा जोडा जाए। यह सुनकर पुराने फैंस की आंखें जरूर नम हो जाएंगी।

यह सफर 2001 में शुरू हुआ था, जब पहली फास्ट एंड फ्यूरियस फिल्म आई थी और विन डीजल ने डोमिनिक टोरेटो का दमदार किरदार निभाया था। तब से लेकर अब तक, कुल 10 मुख्य फिल्में बन चुकी हैं, साथ ही एक स्पिन-ऑफ (%हॉब्स एंड शॉ%), दो छोटी फिल्में और नेटफ्लिक्स पर एक एनिमेटेड सीरीज भी है।

मनोरंजन की खबरें देने वाली वेबसाइट डेडलाइन के मुताबिक, विन डीजल हाल ही में दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक इवेंट फ्यूलफेस्ट में थे। 57 साल के इस एक्टर ने लोगों के सामने फिल्म के बारे में बात की और भीड खुशी से झूम उठी।विन डीजल ने बताया कि जब स्टूडियो ने उनसे फिल्म को अप्रैल 2027 में रिलीज करने के लिए कहा, तो उनकी तीन शर्तें थीं। पहली शर्त थी कि फ्रेंचाइजी को लॉस एंजिल्स वापस लाया जाए, जहां से इसकी शुरुआत हुई थी। दूसरी शर्त थी कि स्ट्रीट रेसिंग और कारों की संस्कृति को फिल्म में फिर से शामिल किया जाए। और तीसरी, सबसे भावुक शर्त यह थी कि डोम और ब्रायन ओ%कॉनर को एक साथ वापस लाया जाए।

# पाकिस्तानी कलाकारों से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध हटा? दो महीने बाद भारत में दिखाई देने लगा



भारत सरकार और मनोरंजन उद्योग समूहों ने प्रतिबंध का समर्थन किया। उन्हें लगा कि भारत के खिलाफ बोलने वाले अभिनेताओं के लिए भारतीय दर्शकों से प्रशंसक और आय प्राप्त करना जारी रखना सही नहीं है। इस दौरान पाकिस्तानी कलाकारों के साथ कुछ फिल्म प्रोजेक्ट और ब्रांड डील भी रद्द कर दी गईं।अप्रैल 2025 में जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में एक घातक आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) में आतंकी शिविरों के खिलाफ एक मजबूत सैन्य जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर शुरू की। इसके साथ ही भारत ने ऑनलाइन एक बड़ा कदम उठाया- पाकिस्तानी अभिनेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक कर दिया।भारत सरकार और मनोरंजन उद्योग समूहों ने प्रतिबंध का समर्थन किया। उन्हें लगा कि भारत के खिलाफ बोलने वाले अभिनेताओं के लिए भारतीय दर्शकों से प्रशंसक और आय प्राप्त करना जारी रखना सही नहीं है। इस दौरान पाकिस्तानी कलाकारों के साथ कुछ फिल्म प्रोजेक्ट और ब्रांड डील भी रद्द कर दी गईं।

अब प्रतिबंध धीरे-धीरे हट रहा है

जैसे-जैसे हालात शांत हो रहे हैं, भारत में कुछ पाकिस्तानी अकाउंट अब बहाल किए जा रहे हैं। युमना जैदी, अहद रजा मीर और दानिश तैमूर जैसे अभिनेता एक बार फिर भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए इंस्टाग्राम पर दिखाई दे रहे हैं। इससे प्रशंसक खुश हैं- लेकिन यह अभी खत्म नहीं हुआ है। हानिया आमिर, माहिरा खान और फवाद खान जैसे बड़े नाम अभी भी भारत में ब्लॉक हैं और उनके चाहने वाले उनका इंतज़ार कर रहे हैं।

करीब दो महीने से ब्लॉक था अकाउंट

पाकिस्तानी अभिनेत्री का इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में करीब दो महीने से ब्लॉक है। लेकिन मंगलवार को मावरा के अकाउंट से बैन हटा लिया गया। हालांकि हानिया आमिर, माहिरा खान और फवाद खान समेत कई अन्य सितारों के इंस्टाग्राम अकाउंट पर बैन जारी है। इन सितारों की प्रोफाइल अभी भी भारतीय यूजर्स को दिखाई नहीं दे रही है।

इंस्टा स्टोरी पर सनम तेरी कसम का वीडियो

बता दें कि मावरा होकेन के इंस्टाग्राम पर 9.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई पोस्ट शेयर किए हैं। इनमें से एक बॉलीवुड फिल्म %सनम तेरी कसम% का वीडियो है। 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म में मावरा ने मुख्य भूमिका निभाई थी और इसी से उन्हें भारतीय दर्शकों के बीच पहचान मिली थी।


# हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट के घर में हुई लूटपाट? चोरी करने वालों ने की तोड़फोड़ और कीमती समान लेकर फरार

पुलिस ने यह जानकारी दी। पिट फिलहाल अपनी नयी फिल्म एफ1 के प्रचार के लिए विदेश यात्रा पर हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने पुष्टि की कि बुधवार रात 11 बजे उसे लॉस फेलिज में नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट में स्थित घर में हुई सेंधमारी के बारे में सूचना मिली।अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में एक घर में सेंधमारी और चोरी की घटना सामने आई है जो दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट का बताया जाता है। लॉस एंजिल्स के लॉस फेलिज इलाके में एक घर, जिसके मालिक कथित तौर पर अभिनेता ब्रैड पिट हैं, बुधवार को लूट गया, लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग ने कहा चोरों ने रात में घर के सामने की खिड़की से घर में प्रवेश किया। हालाँकि पुलिस ने घर के मालिक की पहचान की पुष्टि नहीं की है, लेकिन संपत्ति का पता उस घर से मेल खाता है जिसे ब्रैड पिट ने 2023 में खरीदा था।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पिट फिलहाल अपनी नयी फिल्म एफ1 के प्रचार के लिए विदेश यात्रा पर हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने पुष्टि की कि बुधवार रात 11 बजे उसे लॉस फेलिज में नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट में स्थित घर में हुई सेंधमारी के बारे में सूचना मिली।

अधिकारी ड्रेक मेडिसन ने कहा कि तीन संदिग्ध आगे की खिड़की से घर में घुसे, चोरी की और कई चीजें लेकर भाग गए। मेडिसन ने कहा कि अभी यह नहीं पता चल पाया है कि घर का मालिक कौन है या कौन इस घर में रहता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल चोरी हुई चीजों के बारे में भी जानकारी नहीं मिली है।

वाणिज्यिक रियल इस्टेट वेबसाइट 'ट्रेडेड' के अनुसार पिट ने कथित तौर पर अप्रैल 2023 में 55 लाख डॉलर में यह घर खरीदा था। पिट के प्रतिनिधि ने मामले पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। पिट ने सोमवार को लंदन में एक अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर में भाग लिया। फिल्म शुक्रवार को अमेरिका के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495, ईमेल: haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः - प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।